नई दिल्ली
शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 184
पृष्ठ 16 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 20.0


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






14 भगोड़े अपराधियों की 10 सालों में करीब 1054 अरब रुपये की 'संपत्ति' जब्त की





Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS+
"इरादे बड़े हों
तो कुछ भी नामुमकिन नहीं"
नई HF-Deluxe Pro
एच एफ डीलक्स - नए इंडियन की डीलक्स बाइक
धनतेरस पर सुनिश्चित डिलीवरी के लिए अभी बुक करें
GST लाभ | ₹4 746^
पुराना एक्स-शोरूम
₹60 738#
नया एक्स-शोरूम
₹55 992#
सेगमेंट में पहला* LED हेडलैंप
सेगमेंट में पहला* डिजिटल कंसोल
नए ग्राफिक्स
बेहतरीन माइलेज
SCAN TO KNOW MORE
डाउन पेमेंट @ ₹999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹1800$ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
Stand a chance to win
100% Cashback | 24 Carat Gold Coin
and many more assured benefits*
Additional offers on
Flipkart
amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 'Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. +As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Delhi.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr: Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.
VML.5840.2025

नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 184
पृष्ठ 16 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 20.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 गिल की कप्तानी में भारत-ऑस्ट्रेलिया की वनडे में 19 को भिड़ंत




## खबर संक्षेप

### 22 लाख की ठगी में शामिल साइबर सिंडीकेट का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को ठगने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 22,066,00 रुपये का चूना लगाया था। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न इलाकों में 1800 किलोमीटर की दूरी तक नौ दिनों तक लगातार छापेमारी की गई, जिसके बाद सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार तकनीकी जांच में एनसीआरपी पोर्टल पर धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों से जुड़ी 46 समान शिकायतें सामने आई। शिकायतकर्ता के विभिन्न खातों में जमा 8,58,454 रुपये की धनराशि को फ्रीज करवाया गया हैं। ठगों से 10 मोबाइल, 14 सिम कार्ड, 17 डेबिट कार्ड व एक लैपटॉप बरामद हुआ। डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार बुराड़ी निवासी शिकायतकर्ता मुकेश कुमार ने 22,06,600 की धोखाधड़ी के संबंध में एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2025 में उन्हें फेसबुक पर ऑनलाइन ट्रेडिंग से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया। पकड़े गये आरोपियों के नाम अतुल कुमार, प्रशांत सिंह, भावेश कुमार खान, सुमित झाझरिया, योगेश कुमार, गौरव और विवेक कुमार सत्तावन है।

### केशवपुरम में युवक ने फांसी लगाई

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले के केशवपुरम इलाके में गुरुवार की सुबह लगभग 7 बजे एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगा जान दे दी। मृतक का नाम सत्यम उर्फ कुंदन (19) बताया गया है। वह पेशे से रिक्शा चालक था। इसके साथ ही एक कारखाने में भी कार्यरत था। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने के बाद जांच अधिकारी थाना प्रभारी के साथ तुरंत सी-9/1/1, लॉरेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। सत्यम पुत्र मोहन सिंह छत से रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया गया। मृतक रिक्शा चालक था और पिछले 7-8 महीनों से उक्त कारखाने में काम कर रहा था। वह रात में भी वहीं रुकता था। उसके पिता पास की एक झुग्गी में रहते हैं। पूछताछ के अनुसार मृतक को आखिरी बार बुधवार रात लगभग 10 बजे जीवित देखा गया था। उस समय वह सोने के लिए तीसरी मंजिल पर गया था। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने अपने पिता पर बार-बार पैसे मांगने और उस पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पूछताछ में किसी भी तरह की गड़बड़ी का पता नहीं चला है। बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया है।

### स्कूटी की डिग्गी से 11 किलो चांदी चुराने वाले चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने चांदी चोरी का मामला सुलझा लिया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 किलो चांदी बरामद की गई है। इसके अलावा अपराध में प्रयुक्त दो स्कूटी भी जब्त हुई है। पुलिस के अनुसार 11 अक्टूबर को न्यू उस्मानपुर थाने में 11 किलो चांदी की चोरी का मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी और मैनुअल निगरानी के आधार पर चोरी में शामिल चार आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी विभिन्न राज्यों में इसी तरह के अपराधों में पहले भी शामिल रहे हैं। इनके नाम नीलेश (55), पंकज मिश्रा उर्फ छोटू (40), पंकज कुमार छारा (44) और विशाल गरंगे उर्फ अजय (43) बताये गये हैं। सभी अहमदाबाद, गुजरात के रहने वाले हैं।

### दो गोलियां लगने से मुंशी की हालत नाजुक

# करावल नगर में वकील के मुंशी पर ताबड़तोड़ फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ कार पर 10 से 12 राउंड फायरिंग

उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में गुरुवार सुबह एक वकील के मुंशी पर अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने फायरिंग कर दी। जौहरीपुर निवासी श्रीकांत (30) को दो गोलियां लगी है। गंभीर हालत के चलते उन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित परिवार ने किसी से दुश्मनी होने से इंकार किया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार घटना सुबह साढ़े आठ बजे हुई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे जौहरीपुर निवासी श्रीकांत घायल अवस्था में मिले। उन्हें कार से निकालकर गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। डीसीपी ने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है। अपराध और फारेंसिक दलों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत एकत्र किए। पुलिस ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गठित की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। वहीं, आशंका है कि पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया है। श्रीकांत के परिवार में पिता प्रीतम सिंह, पत्नी शिखा और अन्य सदस्य है। श्रीकांत तीस हजारी कोर्ट में एक वकील के पास मुंशी के तौर पर कार्यरत है। वह मेरठ से एलएलबी भी कर रहे हैं। सुबह वह अपनी कार में सवार होकर नाला रोड से निकले थे, तभी बाइक सवार दो लोगों ने उन पर गोलियां चलाई। पांच गोली कार के शीशे पर लगी है। बाद में चालक वाली विंडो से भी गोली मारी गई।

### इस दिवाली स्वदेशी अपनाइए, स्वदेशी से ही घर सजाइए : सीएम

**नई दिल्ली।** इस दिवाली स्वदेशी अपनाइए, स्वदेशी से ही घर सजाइए। यह अपील मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में दिवाली और मेले के उद्घाटन अवसर पर लोगों से की है। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश के साथ दिवाली प्रदर्शनी और मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली के विभिन्न इलाकों से आई महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए। मुख्यमंत्री ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वह हर स्टाल पर गई और महिलाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की जानकारी ली। वहीं मुख्यमंत्री ने इन स्टॉलों पर से अपने घर के लिए दिए और अन्य सामान भी खरीदा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिवाली मेला महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी गर्व का प्रतीक है। हाथों से बने ये स्वदेशी उत्पाद न केवल परिश्रम की मिसाल हैं, बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को भी साकार करते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग को इस सुंदर आयोजन के लिए साधुवाद। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि आज दिल्ली सचिवालय मेहनतकश महिलाओं के स्वदेशी उत्पादों और स्वावलंबन की चमक से आलोकित है।

## ऑपरेशन आघात में करीब 500 असामाजिक तत्व दबोचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले की पुलिस ने ऑपरेशन आघात 2.0 में करीब 500 असामाजिक तत्वों को सलाखों के पीछे पहुंचाया। जिला पुलिस की यह संगठित अपराध और आदतन अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई है। इस ऑपरेशन के दौरान शस्त्र अधिनियम, दिल्ली आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम और सार्वजनिक जुआ अधिनियम जैसे गंभीर कानूनों के तहत 130 अभियुक्तों को गिरफ्तारी किया गया। निवारक कार्रवाई अभियान के तहत 360 लोगों को पकड़ा गया। 64 बदमाशों (बीसी) को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से कई का स्ट्रीट क्राइम का इतिहास रहा है। इनके पास से 31 हथियार जब्त किए गए।¬ 5,826 क्वार्टर अवैध शराब, 5.527 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया।¬ जुआरियों से 1,85,435 रुपये व धारा 66 डीपी अधिनियम के अंतर्गत 163 वाहन जब्त किए गए।

डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठित अपराध, मादक पदार्थ तस्करों, अवैध शराब तस्करों और आदतन अपराधियों (बीसी) पर नकेल कस कर नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करना दिल्ली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसी मिशन के तहत दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों से निपटने और सड़क अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु एक सतत और सक्रिय रणनीति के तहत ऑपरेशन आघात 2.0 शुरू किया गया था। ऑपरेशन आघात एक उच्च-प्रभावी पहल के रूप में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य संगठित अपराध नेटवर्क और सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा को भंग करने वाले आदतन अपराधियों के खिलाफ निर्णायक प्रहार करना था। यह ऑपरेशन पूर्व के ऑपरेशन आघात 1.0 का ही एक विस्तार है, जो 20 सितंबर 2025 को सफलतापूर्वक चलाया गया था। अब से राजधानी में आदतन अपराधियों की कमर तोड़ने और संगठित आपराधिक गिरोहों को ध्वस्त करने के लिए हर महीने ऑपरेशन आघात चलाया जाएगा। इस बार जुआरियों के अधिक अड्डों का पर्दाफाश किया गया। इस व्यापक पहल में एडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या शर्मा और ईशान भारद्वाज, सभी एसीपी, एसएचओ और जिले भर के उनके फील्ड स्टाफ के सामूहिक और समन्वित प्रयास शामिल रहे। इस पूरे अभियान में 600 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। उच्च-दृश्यता गश्त, गहन वाहन जांच और बढ़ी हुई रात्रि पेट्रोलिंग सहित इन सक्रिय पुलिसिंग उपायों के साथ दक्षिण-पूर्व जिले ने पिछले महीने सड़क अपराध से संबंधित पीसीआर कॉल में उल्लेखनीय 20 प्रतिशत की कमी हासिल आई है, जो प्रभावी जमीनी स्तर पर पुलिस कार्रवाई के ठोस परिणामों को दर्शाता है।

## डीयू के लॉ छात्रों ने विधानसभा का गौरवशाली इतिहास जाना : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के कैम्पस लॉ सेंटर-दो के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उनसे संवाद किया। गुप्ता ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें दिल्ली विधान सभा की गौरवशाली इतिहास, विधायी प्रक्रिया और संवैधानिक ढांचे के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने अध्यक्ष के साथ विधान सभा सदन का भी भ्रमण किया। अपने संबोधन में गुप्ता ने विधानसभा भवन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब वर्ष 1912 में भारत की राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया था, तब पुराना सचिवालय भवन केंद्रीय विधान सभा के रूप में कार्य करता था। लुटियंस दिल्ली के तैयार होने से पहले यहीं से देश की विधायी गतिविधियां संचालित होती थीं। उन्होंने गोपाल कृष्ण गोखले, लाला लाजपत राय, मदन मोहन मालवीय और विट्ठलभाई पटेल जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन व्यक्तित्वों ने भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की मज़बूत नींव रखी। गुप्ता ने बताया कि वर्तमान विधान सभा परिसर लगभग 22 एकड़ में फैला है और यह देश के सबसे बड़े विधान परिसरों में से एक है। उन्होंने दिल्ली को मिले विशेष संवैधानिक दर्जे के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बालकृष्णन समिति की सिफारिशों के आधार पर अनुच्छेद 239(एए) जोड़ा गया, जिसके अंतर्गत दिल्ली को 70 सदस्यों वाली विधानसभा का दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 1993 में दिल्ली में पहली बार निर्वाचित विधानसभा का गठन हुआ था।

### गुरु तेग बहादुर की शहादत को समर्पित दिल्ली से अमृतसर तक जाएगी साइकिल यात्रा



**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादूर के 350 वें शहादत दिवस की स्मृति में 15 नवंबर 2025 को दिल्ली से अमृतसर तक एक साइकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस साइकिल यात्रा का नाम सीस दिया पर सिररु न दिया रखा गया है। इस बारे में साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने जानकारी दी। जीके ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक पहचान, धर्मांतरण, धार्मिक लिबास, नशे तथा नक्सली सफाई के खतरों के प्रति सिखों को जागरूक करेगी। यात्रा की शुरुआत 15 नवंबर, 2025 को गुरु साहिब जी के शहीदी स्थल, गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से होगी और यह भव्य साइकिल यात्रा उनके जन्म स्थान गुरुद्वारा गुरु का महल, अमृतसर तक जाएगी। जी के ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य गुरु साहिब की शहादत, दया, निर्भयता और निडरता की विरासत का प्रचार-प्रसार करना है। यात्रा में गुरु साहिब के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान, दिल्ली से सैकड़ों साइकिल चालक रवाना होंगे। रास्ते में और भी साइकिल सवार और समर्थक इस यात्रा में शामिल होंगे। साइकिल यात्रा में प्रतियोगी के रूप में पंजीकरण कराने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। इसलिए इस यात्रा को मैं धर्म और फिटनेस का एक अनूठा संगम और नशे व धर्मांतरण के खिलाफ जिहाद मानता हूँ। प्रत्येक रात्रि पड़ाव के दौरान गुरमत समागम का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर आए कश्मीरी पंडितों के नेता रविंद्र पंडित ने कहा कि हम गुरु तेग बहादुर साहिब के ऋणी हैं। क्योंकि उनकी महान शहादत के कारण ही मुगल काल में हिंदू धर्म जीवित रहा। जबकि उससे पहले आदि शंकराचार्य के प्रयासों से बौद्ध धर्म के उभार के बीच हिंदू धर्म जीवित रहा था। इसलिए इस 350वें शहीदी दिवस को 'जश्न' के रूप में मनाने के बजाए इसे निरीक्षण के रूप में मनाने की आवश्यकता है।

### केएसआरटीसी प्रतिनिधिमंडल ने लिया सत्र में हिस्सा, डीटीसी परिचालन प्रणाली को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा मुख्यालय इंद्रप्रस्थ डिपो में आयोजित इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस) पर एक ज्ञानवर्धक सत्र में कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। डीटीसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कर्नाटक से आए प्रतिनिधिमंडल ने सत्र के दौरान डीटीसी परिचालन से संबंधित कई विषयों पर गंभीरता से चर्चा की और अपना अनुभव साझा किया। डीटीसी के अनुसार सत्र के बाद केएसआरटीसी प्रतिनिधिमंडल ने राजघाट बस डिपो को दौरा किया और निगम द्वारा संचालित अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस इन्फ्रास्ट्रक्चर और चार्जिंग प्रणाली को समझा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मुद्दों पर सवाल जबाब भी किए। प्रतिनिधिमंडल ने डीटीसी के गौरवपूर्ण इतिहास व भविष्य की योजना को सराहते हुए कहा कि दोनों संगठनों के बीच साझा हुए अनुभवों से सार्वजनिक परिवहन और अधिक सशक्त किया जा सकता है। दोनों संगठनों के बीच एक दूसरे के अनुभवों व भविष्य की योजना तथा आधुनिक तकनीकी पर सहमति भी बनी। केएसआरटीसी व डीटीसी ने साझा रूप से कहा कि यह सत्र दोनों के सार्वजनिक परिवहन परिचालन को करीब से देखने समझने का फायदा दोनों को होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल, भारत के सतत, स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। टीम ने आईटीएस पर एक सूचनात्मक सत्र के दौरान टिकाऊ और स्मार्ट सार्वजनिक परिवहन की ओर भारत की यात्रा को गति देने के लिए सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को सराहा। टीम ने डीटीसी बस में सफर करते हुए अनुभव हासिल किया, इस अवसर पर डीटीसी के आला अधिकारी मौजूद थे।

## 15 वर्षीय किशोर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ चार साल पहले पिता की भी इसी तरह हादसे में गई थी जान

बाहरी दिल्ली के प्रेम नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बाइक चला रहा युवक बाल बाल बच गया। शव मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवाया गया है। आरोपी ट्रक ड्राइवर घटनास्थल पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक जब्त कर उसके मालिक व आरोपी ड्राइवर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पता चला कि मृतक किशोर के पिता की भी चार साल पहले इसी तरह से सड़क हादसे में जान चली गई थी। किशोर की मां का रो रोककर बुरा हाल है। उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक किशोर का नाम 15 वर्षीय राम महतो है। वह किराड़ी स्थित विद्यापति नगर में अपनी मां के साथ रहता था। पिता की चार साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। किशोर 10वीं कक्षा का छात्र था। किशोर गुरुवार को अपने घर का राशन लाने के लिए पास में ही रहने वाले अपने दोस्त 16 वर्षीय प्रिंस के साथ मुबारकपुर रोड स्थित एक किराना स्टोर पर गया था। राशन लेने के बाद राम बाइक पर पीछे बैठा था। जैसे ही वे मुबारकपुर गांव स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक ने साइड से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक पर पीछे बैठा राम नीचे गिर गया। इस दौरान ट्रक का पिछला पहिया राम के ऊपर चढ़ गया। चालक तुरंत फरार हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठा हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी है। किशोर की मां लक्ष्मी महतो का रो-रोकर बुरा हाल है। लक्ष्मी पति की मौत के बाद खुद एक फैक्ट्री में नौकरी कर दो बेटों और एक बेटी का पालन पोषण कर रही है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित पुत्र अशोक निवासी 1/4706, गली नंबर 4, नाला रोड, बलबीर नगर एक्सटेंशन, वेलकम, दिल्ली** ने **FIR No. 152/2021, U/S 25/54/59 Arms Act,** अन्तर्गत **थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 152/2021, U/S 25/54/59 Arms Act,** अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13478/NE/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. /84 भारतीय न्याय संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरदोस, पुत्रीः हसीन आलम, निवासीः बी–223, गली नंबर 4, श्री राम कॉलोनी, राजीव नगर, खजूरी खास, दिल्ली** ने **FIR No.482/2022 U/S. 498A/406/34 IPC & 3/4 DP Act** के तहत **थाना भजन पुरा, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज अपराध किया है (या करने का संदेह है) और इसे गिरफ्तारी वारंट के रूप में वापस कर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि अभियुक्त **फिरदोस** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **फिरदोस** फरार हो गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.482/2022 U/S. 498A/406/34 IPC & 3/4 DP Act** थाना थाना भजन पुरा, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली के अभियुक्त **फिरदोस** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **09.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री नेहा बारुपाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (महिला न्यायालय)–01
उत्तर–पूर्वी जिला, कमरा नं. 67, चतुर्थ तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/13881/NE/2025
(अदालती मामला)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अश्विनी नायडू** पुत्र रवि नायडू निवासी मकान नं. आर.जेड.–14, गली नं. 3, निहाल विहार, दिल्ली, दूसरा पता 6/321, दक्षिणपुरी, डॉ. अंबेडकर नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 229/18 धारा 356/379/411/34 भा.द.स., थाना पहाड़ गंज, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अश्विनी नायडू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अश्विनी नायडू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 229/18 धारा 356/379/411/34 भा.द.स., थाना पहाड़ गंज, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अश्विनी नायडू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री नीतू शर्मा,
अति. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी–01 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 366, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14002/CD/2025

### आने वाले 80 दिनों में 30 से अधिक बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# दिल्ली को क्रिएटिव कैपिटल बनाने के लिए तेजी से किया जा रहा है काम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली को क्रिएटिव कैपिटल बनाने के लिए दिल्ली सरकार तेजी से काम कर रही है। आने वाले 80 दिनों में दिल्ली में 30 से अधिक बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को 'इवेंट-फ्रेंडली सिटी' बनाने के लिए ही बड़े स्टेडियमों व सभागारों के किराए में प्रभावी कमी गई है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। आयोजनों को सरलता से कराने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से आयोजन की अनुमति, लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा प्रक्रिया आसान बनाई जा रही है, ताकि दिल्ली की लाइव एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को बेहतर बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 'विरासत भी-विकास भी' मंत्र के साथ सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रैसवार्ता में पर्यटन तथा कला, संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने भी अपने विचार साझा किए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 80 दिनों में दिल्ली में सांस्कृतिक व संगीत की लहर चलेगी, जब देश और विदेश के बड़े कलाकार राजधानी में अपनी प्रस्तुति देंगे। इनमें ट्रैविस स्कॉट, कृष्ण दास, जाकिर खान, पैपोन, एपी ढिल्लों, अरमान मलिक, जोनिता गांधी, राधिका दास सहित अनेक सितारे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली सरकार, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (फेमा) और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के संयुक्त सहयोग से की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर सहयोग से दिल्ली सरकार इस दिशा में अहम कदम उठा पा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक समय था जब दिल्ली में बड़े-बड़े कॉन्सर्ट्स और कार्यक्रमों का आयोजन करने से आयोजक हिचकिचाते थे, क्योंकि उन्हें आवश्यक सुविधाएं और संस्थागत सहयोग नहीं मिल पाता था। इस चुनौती को समझते हुए सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि केंद्र और दिल्ली सरकार के अधीन सभी प्रमुख स्टेडियम जैसे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम और छत्रसाल स्टेडियम के टैरिफ रेट कम किए जाएं और उनकी सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में लगभग 150 अरब रुपये की लाइव एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में इस समय दिल्ली का शेयर करीब 2500 से 3000 करोड़ रुपये का है, जिसे आने वाले वर्षों में हासिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से आग्रह किया कि वे आगामी सांस्कृतिक आयोजनों और सकारात्मक बदलावों के लिए तैयार रहें, क्योंकि अब दिल्ली देश और दुनिया से आने वाले मेहमानों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त नए इवेंट वेन्यू विकसित करेगी, जहां लाखों लोग एक साथ कॉन्सर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

### कार्यक्रम स्थलों की दरें कम होने से बड़े आयोजनों का केंद्र बनने लगी दिल्ली : मिश्रा

पर्यटन तथा कला, संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली सरकार ने फेमा, फिक्की और इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े 40 से अधिक प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक राउंड टेबल मीटिंग की और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इससे पता चला कि यहां बड़े आयोजन कराने के लिए कार्यक्रम स्थलों की दरें बहुत ज्यादा थीं। केंद्र सरकार ने एक महीने के भीतर दिल्ली के प्रमुख स्टेडियमों के टैरिफ दरों को घटाने का निर्णय लिया। जैसे ही यह निर्णय लागू हुआ, दिल्ली दोबारा बड़े और भव्य कार्यक्रमों का केंद्र बनने लगी। मिश्रा ने कहा कि यह तो केवल शुरुआत है। दिल्ली सरकार के पास इससे भी बड़ा रोडमैप है, जो प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री की दूरदर्शी योजना को मूर्त रूप देगा।

नई दिल्ली
शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 184
पृष्ठ 16 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 20.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,467.66 | 862.23 ▲ |
| निफ्टी | 25,585.30 | 261.75 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **ऊपर/नीचे** |
| सोना | 1,31,600/- | 200/- ▼ |
| चांदी | 1,84,000/- | 2000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.87 | 21 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 62.12 बैरल 0.36% ▲
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






# दुर्लभ खनिजों को लेकर वैश्विक कायदों का सम्मान करता भारत, देंगे ईयूसी मामले पर चीन द्वारा मांगी गई लिखित गारंटी, के जवाब में विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

टैरिफ और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) को लेकर छिड़े अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और मामले पर चीन द्वारा भारत से मांगी गई लिखित गारंटी के बीच गुरुवार को भारत की एक प्रतिक्रिया सामने आई है। यहां नई दिल्ली में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क और संबंधित प्रक्रियाओं के तहत अपनी तमाम बाध्यताओं का सम्मान करता है। अंतिम उपभोगकर्ता प्रमाणपत्र (एंड यूज सर्टिफिकेशन, ईयूसी) एक महत्वपूर्ण कवायद ▸▸ शेष पेज 5 पर

**श्रीलंकाई पीएम का भारत दौरा शुरू, मछुआरों के मुद्दे पर होगी बात**



### श्रीलंकाई पीएम के समक्ष उठेगा मछुआरों का मुद्दा

एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ.हरिनी अमरसूर्या 16 अक्टूबर की सुबह भारत यात्रा पर पहुंची हैं। विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने उनके साथ शिष्टाचार भेंट की है। राजधानी के हिंदू कॉलेज से लेकर फिक्की, सीआईआई में उनकी बैठकें हुई हैं। आगामी समय में वह नई ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अंतिम उपभोगकर्ता प्रमाणपत्र के मायने

दरअसल, अंतिम उपभोगकर्ता प्रमाणपत्र एक ऐसा दस्तावेज है। जो यह साबित करता है कि निर्यात की गई वस्तु का खरीददार ही अंतिम प्राप्तकर्ता है और वह इसका दुरुपयोग नहीं करेगा। ये दस्तावेज यह सुनिश्चित करने में भी मददगार है कि संवेदनशील वस्तुएं और प्रौद्योगिकी का उपयोग जिम्मेदार तरीके से किया जाए और वे गलत हाथों में न ▸▸ शेष पेज 5 पर

### यूक्रेन के संपर्क में भारत

यूक्रेन में भारतीय छात्रों, नागरिकों के बारे में हमने कुछ रिपोर्ट देखी हैं। जिनकी पुष्टि के लिए हम कीव में यूक्रेन के अधिकारियों के संपर्क में हैं। साथ ही नई दिल्ली में यूक्रेन के दूतावास के साथ भी हम संपर्क साधे हुए हैं। रूस-यूक्रेन विवाद पर भारत का रुख यही है कि हम बातचीत-कूटनीति के जरिए शांति के पक्ष में हैं। भारत-ब्रिटेन एफटीए पर उन्होंने कहा, दोनों देशों की तरफ से कोशिश यही है कि कैसे इस समझौते को क्रियान्वित किया जाए ताकि दोनों देशों के लोग, उपभोक्ताओं और समाज के अन्य वर्गों को इसका फायदा मिल सके? ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश को दी 3430 करोड़ रुपए की सौगात**

# कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ होगा

**औद्योगिक विकास को मिलेगी गति**



पीएम ने कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की रखी आधारशिला

*ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी, यह परियोजना वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त*



**कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास**

एजेंसी ▸▸ कुरनूल

पीएम मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में 13,403 करोड़ की तमाम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोर्कापण किया है। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। पीएम ने 2,880 करोड़ से अधिक के निवेश से कुरनूल-3पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 केवी डबल-सर्किट कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है, जिससे ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और देश के विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का ट्रांसमिशन संभव होगा। उन्होंने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा की

प्रधानमंत्री ने नंदयाल जिले में श्रीशैलम स्थित श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचमुरलु (गाय के दूध, गाय के दूध से बनी दही, गाय के घी, शहद और चीनी से बना एक पवित्र मिश्रण) से भगवान का रुद्राभिषेक किया। सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उनके साथ रहे। आंध्र प्रदेश का मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता यह है कि एक ही परिसर में एक ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ का सह-अस्तित्व है।

### 21,000 करोड़ के निवेश से एक लाख रोजगार बढ़ेंगे

इन केंद्रों से 21000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने और लगभग एक लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे दक्षिणी राज्य के रायलसीमा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने 960 करोड़ से अधिक की लागत से सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिलेरू-कलूर खंड सड़क के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शिवाजी ध्यान केंद्र का किया दौरा

मंदिर दर्शन के बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री शिवाजी ध्यान केंद्र का दौरा किया जो एक स्मारक परिसर है। इसमें चार कोनों पर स्थित 4प्रतिष्ठित किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल वाला एक ध्यान कक्ष भी शामिल है। बीच में छत्रपति शिवाजी की गहन ध्यान मुद्रा में एक प्रतिमा स्थापित है। श्री शिवाजी स्मारक समिति द्वारा संचालित यह ध्यान कक्ष 1677 में छत्रपति शिवाजी की इस पवित्र तीर्थस्थल की ऐतिहासिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एयर फोर्स रैंकिंग: भारत ने चीन को भी पछाड़ा



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना का खिताब हासिल कर लिया है। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉर्डन मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग में शीर्ष पर अब भी अमेरिका का दबदबा कायम है। इसके बाद रूस का स्थान है। चीन अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले चीन तीसरे स्थान पर था और चौथा स्थान भारत के पास था। लेकिन अब भारत चीन से आगे निकल गया है।

### सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील पर चलेगा केस



**नई दिल्ली।** देश के सीजेआई जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। वकील पर न्यायालय की अवमानना करने का मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया है। अटॉर्नी जनरल ने वकील राकेश किशोर के खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने को मंजूरी दे दी है। बता दें कि 6 अक्टूबर को वकील राकेश किशोर ने कोर्ट की कार्यवाही के दौरान सीजेआई पर जूता उछालने की कोशिश की थी।

**रूस से तेल खरीद पर रोक लगाने के ट्रंप के दावे पर भारत की दो टूक...**

# ब्रिटेन के प्रतिबंधों पर बोला भारत, हम किसी भी तरह की एकतरफा पाबंदियों को स्वीकार नहीं करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

क्या भारत रूस से अपनी कच्चे तेल की खरीद पर रोक लगा देगा? क्या भविष्य में रूस की जगह पर अमेरिका से होगी भारत को बड़े पैमाने पर तेल की सप्लाई? क्या राष्ट्रपति पुतिन की आगामी स्वदेश यात्रा पर ट्रंप के इस दावे का कोई प्रभाव पड़ेगा?

ये वो तमाम जरूरी सवाल हैं, जो गुरुवार दिनभर कूटनीतिक गलियारों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर उनके द्वारा दिए गए भरोसे के हवाले से भारत की रूस से जारी तेल खरीद को रोकने के दावे के बाद तेजी से गूंजने लगे। लेकिन मामला और तूल पकड़ता उससे ठीक पहले ही भारत की प्रतिक्रिया आ ▸▸ शेष पेज 5 पर

**अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य के बीच देश के उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना सर्वोच्च प्राथमिकता**



**रूस की प्रतिक्रिया, हम केवल भारत-चीन के आधिकारिक बयानों पर ही भरोसा करते हैं न कि किसी और के दावे पर**

### यह है ट्रंप का दावा

दरअसल बीते बुधवार को अपने ओवल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि आज उनके दोस्त प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें ये भरोसा दिलाया है कि भारत रूस के साथ तेल की खरीद पर रोक लगा देगा। अब हम चीन से भी ऐसा ही करने की अपेक्षा करते हैं। जो यूक्रेन पर मास्को के हमले के बाद उस पर दबाव डालने के लिए एक बहुत बड़ा कदम होगा। अमेरिका भारत द्वारा रूस से तेल खरीद को लेकर नाखुश है। क्योंकि हमारा मानना है कि इसकी मदद से रूस के राष्ट्रपति पुतिन के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए ▸▸ शेष पेज 5 पर

### फोन पर नहीं हुई मोदी-ट्रंप की कोई बात

वहीं, रणधीर जायसवाल ने विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका की टिप्पणी पर हमने एक बयान जारी किया है। लेकिन जहां तक प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत का सवाल है तो उसे लेकर मैं ये कह सकता हूं कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बीते 15 अक्टूबर को कोई संवाद नहीं हुआ है। भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों के बीच इस महीने 9 अक्टूबर को टेलीफोन पर बात हुई है। जिसमें पीएम मोदी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका से ऊर्जा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा जारी

जायसवाल ने कहा कि हमारी घरेलू ऊर्जा नीति स्थिर ऊर्जा कीमतों और सुरक्षित सप्लाई जैसे दो लक्ष्यों पर टिकी हुई है। जिसमें हमारे ऊर्जा स्रोतों को व्यापक बनाने और बाजार की स्थितियों के मद्देनजर अलग-अलग सप्लाई करना शामिल ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आधिकारिक बयानों पर चलता रूस

मामले पर रूस की दो-तरफा प्रतिक्रिया आई है। जिसमें पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से बातचीत में साफ किया कि रूस अपने तेल निर्यात को लेकर भारत और चीन के ▸▸ शेष पेज 5 पर

**कुछ मंत्रियों की असंतोषजनक परफार्मेंस बनी वजह, क्षेत्रीय संतुलन साधना भी एक वजह**

# गुजरात में मुख्यमंत्री को छोड़ सभी मंत्रियों का इस्तीफा, मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण आज

आनंद राणा ▸▸ नई दिल्ली

*पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने पार्टी संगठन की रिपोर्ट पर लिया बड़ा फैसला*

गुजरात सरकार के सभी मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को अपना इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों के त्याग पत्र ने सबको चौंकाया।

राजनैतिक हलकों में इसे सरकार की शक्ल बदलने की कवायद माना जा रहा है। दिल्ली में भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि गुजरात में मंत्रियों का इस्तीफा यकायक नहीं है बल्कि इसकी कवायद पिछले कई दिनों से चल रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राज्य सरकार के मंत्रियों की परफार्मेंस से खुश नहीं थे। गुजरात में पार्टी संगठन से भी कुछ मंत्रियों को लेकर रिपोर्ट अच्छी नहीं ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पाक-अफगान सीमा 'डुरंड लाइन' पर आम लोगों का मारा जाना निंदनीय, हालात पर भारत की पैनी नजर**

# आगामी तीन दिनों में शुरू हो जाएगा काबुल में भारत का दूतावास: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं और अब वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब नई दिल्ली और काबुल के बीच ठंडी पड़ी हुई संबंधों की डोर पुनः गर्मजोशी के साथ और पक्की हो जाएगी। इसके पीछे की एक सबसे बड़ी वजह आगामी करीब तीन दिनों में अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में चार साल के बाद एक बार फिर से भारत के दूतावास का खुलना है। यह जानकारी गुरुवार को राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान में भारत का अफगानिस्तान में तकनीकी मिशन कार्यरत है। जो जून-2022 से वहां पर काम कर रहा है। लेकिन अब आने वाले तीन दिनों में हम इसे दूतावास के रूप में तब्दील कर अपनी तमाम गतिविधियों का संचालन शुरू कर देंगे। जहां तक अफगान सत्ता पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

**ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता के जश्न को प्रदर्शित करेगा यह आयोजन**

# पीएम मोदी गोवा में 'आईएनएस विक्रांत' पर नौसेना कर्मियों के साथ मनाएंगे दीवाली

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार दीपावली का त्योहार गोवा तट पर तैनात देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' पर नौसैन्य कर्मियों के साथ मनाएंगे। सूत्रों ने बताया कि यह आयोजन एक प्रकार से मौजूदा साल के मध्य में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को मिली कामयाबी के जश्न को प्रदर्शित करेगा। भारत ने अपने इस सैन्य अभियान में 7 से 10 मई 2025 तक पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों को मटियामेट कर दिया था। जिसमें कुल करीब 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान ने भारत की पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, मिसाइलों से ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 2014 से यूं ही मनाते पीएम दीवाली

यहां बता दें कि वर्ष 2014 में देश के सर्वोच्च प्रशासनिक पद (प्रधानमंत्री) पर आसीन होने के बाद प्रधानमंत्री लगातार दीवाली जैसे महत्वपूर्ण पर्व को भारत के अलग-अलग सरहद्दी इलाकों में सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों के साथ पूरे उत्साह के साथ मनाते आए हैं। इसी क्रम में इस बार आईएनएस विक्रांत से जुड़ी हुई उनकी गोवा यात्रा होगी। 2014 में पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रणक्षेत्र कहे ▸▸ शेष पेज 5 पर

**भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर संगोष्ठी**

**4 वर्षों में भगोड़ों से 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी, 12 बिलियन डॉलर की संपत्तियां की गई जब्त**

# अमित शाह ने भी सीबीआई की पहल को सराहा, कहा- न्याय की गति अपराधी से तेज़ होनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सीबीआई द्वारा आयोजित दो दिवसीय भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर संगोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। सम्मेलन में केन्द्रीय गृह सचिव, विदेश सचिव, सूचना ब्यूरो और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अपने संबोधन में केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में देश की सुरक्षा ▸▸ शेष पेज 5 पर




### भगोड़ों के मन में कानून का भय जरूरी

गृह मंत्री ने कहा कि भगोड़ों के मन में यह धारणा समाप्त करनी होगी कि कानून उन तक पहुँच नहीं पाएगा, और साथ ही कानूनी, वित्तीय व राजनीतिक सहारा उपलब्ध कराते हुए बने नेटवर्क को भी तोड़ना होगा। उन्होंने प्रत्यर्पण प्रणाली के पांच उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका लक्ष्य सीमाओं के परे ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एक्सपर्ट स्पेशल सेल का गठन शीघ्र

गृह मंत्री ने राज्यों से अपील करते हुए कहा कि सीबीआई के सहयोग से हर राज्य में भगोड़े अपराधियों को वापिस लाने हेतु विशेष यूनिट बनानी चाहिए और होल ऑफ़ गवर्नमेंट एप्रोच अपनाना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि हर राज्य में प्रत्यर्पण मामलों की तैयारी के लिए एक्सपर्ट स्पेशल सेल का गठन किया जाए और सीबीआई के भीतर प्रत्यर्पण अनुरोधों की समीक्षा हेतु समर्पित प्रकोष्ठ स्थापित किया जाए। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बनेगा विशेष कारागृह

इसके अतिरिक्त गृह मंत्री ने पासपोर्ट, रेड-कोर्नर नोटिस और पासपोर्ट-जारीकरण प्रक्रियाओं में समन्वय तथा 'रेड-फ्लैगिंग' की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण प्रक्रिया को गति दी जा सके। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

## धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना सूरजकुंड की टीम ने वर्ष 2024 के पहचान छुपाकर शादी करने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि ग्रीन फील्ड वासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी एक रक्षित नाम के लड़के से पहचान हुई थी, आरोपी ने शिकायतकर्ता से अगस्त 2024 में विभिन्न खाता में 2 लाख से अधिक रुपए डलवाए तथा सितम्बर 2024 में घर पर अपने परिवार के साथ शादी का रिश्ता लेकर आया था, शिकायतकर्ता के परिवार वालो ने उसको टीका के 4 लाख रुपए व एक सोने की अंगूठी, एक सोने की गिन्नी दी थी। क्रेडिट कार्ड से 1,25,634 का सामान, एक आई फोन खरीदा व सोने की ज्वेलरी भी खरीदी तथा उसके नाम से 15 लाख की गाड़ी खरीद ली।

## प्रतियोगिता 2025-26 का सफल आयोजन

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हाईवे के आदेशानुसार पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डीसीपी ट्रैफिक जयवीर राठी के निर्देशन में दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को जिलेभर में इंटर स्कूल सडक़ सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 26 का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिले के 1581 शिक्षण संस्थानों में एक साथ आयोजित की गई, जिनमें 377 सरकारी स्कूल, 1180 निजी स्कूल तथा 24 कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान शामिल थे। प्रतियोगिता में कुल 4,39,173 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता सभी शिक्षण संस्थानों में सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक समान प्रश्नपत्र के माध्यम से संपन्न कराई गई। विद्यार्थियों ने अत्यंत जोश, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ भाग लिया तथा सडक़ सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।



# ग्रीन पटाखे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित विकल्पः बीपी त्यागी

### ये पटाखे प्रदूषण घटाने के साथ-साथ ध्वनि स्तर भी नियंत्रित रखते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ईएनटी सर्जन और शिक्षाविद् प्रोफेसर (डॉ.) बृजपाल सिंह त्यागी ने दीपावली के अवसर पर नागरिकों से अपील की है कि वे प्रदूषण रहित और पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें।

डॉ. त्यागी ने बताया कि पारंपरिक पटाखे जहाँ एक ओर वायु प्रदूषण बढ़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर धुएं और गैसों के कारण गले, कान और सांस की नलियों पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं। उन्होंने ग्रीन पटाखों की संरचना और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. त्यागी ने कहा कि ग्रीन पटाखों में ऑक्सीडाइज़र, ईंधन, बाइंडर और रंग देने वाले रसायन सभी को इस प्रकार नियंत्रित किया गया है कि ये पारंपरिक पटाखों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत कम प्रदूषण फैलाते हैं। पारंपरिक पटाखों में जहाँ पोटैशियम नाइट्रेट, बेरियम नाइट्रेट और भारी धातुएँ जैसे बेरियम व स्ट्रोंशियम उपयोग होते हैं, वहीं ग्रीन पटाखों में इनकी जगह सोडियम नाइट्रेट या पोटैशियम लवण सीमित मात्रा में प्रयोग किए जाते हैं ताकि धुआँ और जहरीली गैसें कम निकलें। उन्होंने बताया कि इन पटाखों में सल्फर और एल्युमिनियम पाउडर की मात्रा नियंत्रित होती है, जिससे वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड नो जैसी गैसों का उत्सर्जन काफी हद तक कम होता है। द्वारा विकसित तकनीक से तैयार किए गए ये पटाखे प्रदूषण घटाने के साथ-साथ ध्वनि स्तर भी नियंत्रित रखते हैं।



डॉ. त्यागी ने बताया कि हालांकि ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों से कम हानिकारक हैं, लेकिन फिर भी इनमें उत्पन्न होने वाला नॉइज़ पोल्यूशन (ध्वनि प्रदूषण) एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखों से निकलने वाला शोर लगभग 124 डेसिबल तक पहुंचता है, जो अत्यधिक हानिकारक स्तर है। इस शोर में व्यक्ति 3 मिनट से अधिक समय तक नहीं रह सकता, क्योंकि इससे कानों के पर्दे पर दबाव, सुनने की क्षमता में कमी और मानसिक तनाव जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के आस-पास पटाखे जलाने से बचें। डॉ. त्यागी ने बताया कि ग्रीन पटाखों में पारंपरिक रसायनों की जगह बायोडिग्रेडेबल बाइंडर और पर्यावरण-अनुकूल यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें कुछ प्रमुख उदाहरण (सुरक्षित जल रिलीजर), (सुरक्षित थर्माइट पटाखे) और (सुरक्षित न्यूनतम एल्यूमिनियम) हैं, जो धुएं और सूक्ष्म कणों को कम करने में सहायक हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण के कारण हर साल दीपावली के बाद लोगों को गले में खराश, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और कानों में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डॉ. त्यागी ने कहा, "एक डॉक्टर होने के नाते मैं लोगों से निवेदन करता हूँ कि स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें और बच्चों को भी इसके लिए जागरूक बनाएं।

डॉ. बी.पी. त्यागी ने कहा कि ग्रीन पटाखों का उपयोग न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि इस दीपावली पर "कम प्रदूषण – ज्यादा प्रकाश" का संदेश अपनाएँ और सुरक्षित, स्वस्थ व पर्यावरण-मित्र पर्व मनाएँ।

### नवजात चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित की है

# भारत में 23 सप्ताह के समय से पहले जन्मे शिशुओं ने रचा इतिहास, अमृता अस्पताल के डॉक्टरों ने किया असंभव को संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के डॉक्टरों ने एक अभूतपूर्व चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल की है जिसने नवजात चिकित्सा की सीमाओं को चुनौती दी है। अस्पताल ने मात्र 23 सप्ताह में जन्मे शिशुओं को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में जीवित रखकर इतिहास रचा है। यह भारत में अब तक का सबसे कम आयु वाले शिशुओं का सफल जीवन-रक्षण है, जो केवल 500-600 ग्राम वजन के साथ पैदा हुए थे।

पहला मामला 23 सप्ताह और 5 दिन के एक शिशु का था जिसका वजन मात्र 550 ग्राम था। जन्म के बाद लगभग 30 मिनट तक उसे ऑक्सीजन और ग्लूकोज नहीं मिला, और उसे गैर-जीवित घोषित कर दिया गया। लेकिन शिशु ने सांस लेना जारी रखाए



जिसके बाद परिजन उसे अमृता अस्पताल लेकर आए। 90 दिन तक एनआईसीयू में इलाज के बाद, शिशु का वजन बढ़कर 2200 ग्राम हो गया और उसे पूरी तरह सामान्य मस्तिष्क और फेफड़े की कार्यक्षमता के साथ घर भेजा गया, जो कि चिकित्सा इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि है।

कुछ महीनों बाद, एक और रिकॉर्ड बना 23 सप्ताह और 6 दिन में जन्मे जुड़वां (लड़का और लडक़ी) शिशु, जो 41 वर्षीय मां से जन्मे थे, बिना किसी न्यूरोलॉजिकल या फेफड़ों की जटिलता के स्वस्थ हुए। जुड़वां शिशु भारत के सबसे कम उम्र में जीवित रहने वाले बच्चे बन गए हैं। जुड़वां.1, 500 ग्राम को केवल डेढ़ दिन तक ही वेंटिलेशन की जरूरत पड़ी, जबकि जुड़वां 2, 630 ग्राम को किसी वेंटिलेशन की आवश्यकता नहीं हुई। दोनों बच्चे आज पूरी तरह स्वस्थ हैं और बिना किसी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी के सामान्य विकास कर रहे हैं। दशकों तक 23 सप्ताह की गर्भावस्था को ग्रे जोन ऑफ सर्वाइवल माना जाता था, यहां तक कि विकसित देशों में भी, कहा डॉ. हेमंत शर्मा, वरिष्ठ नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ, अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने। आज हमने यह साबित किया है कि जब विज्ञान, करुणा और परिवार का विश्वास साथ हो, तो चमत्कार दोहराए जा सकते हैं।

ये बच्चे सिर्फ जीवित नहीं बचे, बल्कि पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रहे हैं। यह भारतीय नवजात चिकित्सा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। शिशुओं की मां ने कहा कि जब डॉक्टरों ने कहा कि कोई उम्मीद नहीं है, तो हमारा दिल टूट गया। लेकिन अमृता की टीम ने हमें तब भी विश्वास दिलाया जब हमारे पास कोई उम्मीद नहीं थी। आज जब दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और हमारी गोद में मुस्कुरा रहे हैं, तो यह ईश्वर के स्पर्श जैसा अनुभव है। अमृता अस्पताल की एनआईसीयू टीम ने विश्वस्तरीय तकनीक और संवेदनशील देखभाल का समन्वय किया। शिशुओं को उच्च आद्र्रता 80 प्रतिशत वाले विशेष इनक्यूबेटर में रखा गया, जिससे गर्भ जैसा वातावरण तैयार किया जा सके। प्रकाश और ध्वनि पर नियंत्रण रखकर भ्रूण की नींद की प्राकृतिक लय बनाए रखी गई। कंगारू केयर यानी मां द्वारा बच्चे को सीने से लगाकर रखना, उनके विकास और स्थिरता में अत्यंत सहायक रहा। खास बात यह रही कि पहले बच्चे को केवल 48 घंटे वेंटिलेशन पर रहना पड़ा, जबकि आमतौर पर 23 सप्ताह के शिशुओं को 2-3 सप्ताह की जरूरत होती है।

### डायमंड्स से जड़ी एक अंगूठी बनाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया था

# प्रीति जिंटा बनी स्व डायमंड्स की ब्रांड एंबेसडर नया चेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



जानी-मानी बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा स्व डायमंड्स की ब्रांड एंबेसडर बनी हैं। भारत के मशहूर फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, स्व डायमंड्स ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। प्रीति जिंटा अब अपनी सादगी, आत्मविश्वास और समय से परे आकर्षण के साथ स्व डायमंड्स के साथ मिलकर भारत और संयुक्त अरब अमीरात में ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत करेंगी।

स्व डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, अब्दुल गफूर अनादियान ने कहा, भारत में ज्वेलरी सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि भावनाओं को व्यक्त करने और जीवन के खास लम्हों को जीने का तरीका भी है। इसी सोच के साथ, स्व डायमंड्स में हम सिर्फ आईजीआई जीआईए सर्टिफाइड नेचुरल डायमंड्स की पेशकश करते हैं, जिनकी वीवीएस क्लैरिटी और ईएफ कलर हमारे ग्राहकों के भरोसे और सच्चे प्यार के प्रतीक हैं।

हमारा नया कैंपेन 'एज़ रियल एज़ यू' इसी वास्तविकता को दर्शाता है, क्योंकि हर भावना उतनी ही सच्ची होती है, जितनी कि आपकी मुस्कान। स्व डायमंड्स का नया चेहरा बनीं बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने कहा कि वे स्व डायमंड्स के साथ जुड़कर बेहद खुश हैं। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो वास्तविकता, शालीनता और सदाबहार खूबसूरती का पर्याय है। वर्ष 2022 में स्व डायमंड्स ने 24,679 नेचुरल डायमंड्स से जड़ी एक अँगूठी बनाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया था। यह रिकॉर्ड ब्रांड की बेहतरीन कला, नवाचार और गुणवत्ता के प्रति सच्ची लगन को दर्शाता है। भारत और यूएई में 400 से अधिक स्टोर्स के साथ ब्रांड का लक्ष्य वर्ष 2025 के अंत तक 500 स्टोर्स का आंकड़ा पार करना है, जिससे यह भारत के सबसे प्रतिष्ठित ज्वेलरी हाउसेस में अपनी जगह और मजबूत करेगा।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के बच्चों संग मनाई दीपावली

**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने दीवाली इस बार खास अंदाज में मनाई। विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के हजारों बच्चों को 15 हजार देशी घी के लड्डू वितरित कर बच्चों को खुशियों की सौगात दी। विपुल गोयल ने कहा कि त्योहारों का असली अर्थ तभी है जब समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां बांटी जाएं। बच्चे हमारे भविष्य हैं और



उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उत्सव है। सुबह से ही सरकारी स्कूलों में उत्सव का माहौल रहा। स्कूल परिसरों को दीयों व रंगोली से सजाया गया। इस मोके पर विपुल गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है और इस सपने को पूरा करने में बच्चे ही भारत का भविष्य हैं। बच्चों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि भारत का विकास उनके प्रयासों से ही साकार होगा। दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले बच्चों को भी वही खुशी मिले जो समाज के हर वर्ग को मिलती है।

### रेरा समाधान दिवस के आने लगे है सकारात्मक परिणाम

*गाजियाबाद। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में रेरा से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण किए जाने की कड़ी में प्रत्येक माह के बृहस्पतिवार को आरंभ किए गए रेरा समाधान दिवस के सकारात्मक परिणाम आने लगे है। आज आयोजित रेरा समाधान दिवस के दौरान तीन आवंटियों/ शिकायतकर्ताओं ऋचा सिंघल, खुशबू सिंघल एवं रोहित गोयल का समझौते के आधार पर समझौता राशि का भुगतान किया गया।*

# रोड़ी से भरा ट्राला कैब पर पलटा, एक की मौत, तीन घायल, क्रेन की मदद से ट्रॉले के नीचे दबे लोगों को निकाला

### गंभीर घायलो को आर्टिमिज अस्पताल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर वीरवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। रोडी से भरा ट्राला एक कैब पर पलट गया। इस घटना में ड्राइवर सहित तीन लोग कैब में ही दब गए। वहीं, घटना में ट्राले का चालक भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से कैब को बाहर निकाला और कैब में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मौके पर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एसपीआर रोड से गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड की तरफ से एक रोड़ी-बजरी से भरा ट्राला जा रहा था। जब यह सेंट जेवियर चौक के पास पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर एक कैब पर पलट गया। इस घटना में कैब पूरी तरह से इस ट्रॉले के नीचे दब गई और कैब में मौजूद तीन लोग भी इसमें दब गए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन को बुलाया। इस घटना के कारण गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने रूट डायवर्ट कर वाहनों को निकालना शुरू कर दिया। क्रेन की मदद से ट्रॉले के नीचे दबी कैब को बाहर निकाला गया और लोगों के साथ मिलकर कैब में दबे घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें गंभीर रूप से घायलों को आर्टिमिज अस्पताल भेजा गया। वहीं, डंपर चालक को सेक्टर-10 सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेक्टर-50 थाना पुलिस की मानें तो एक घायल ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था जबकि तीन को अस्पताल भेजा गया है। इस घटना में डंपर का चालक भी घायल हो गया।

### *नियमों का पालन करें सोसायटी के अध्यक्ष-डीएम*

*गाजियाबाद। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सोसाइटी में हो रही अप्रिय घटनाओं को गंभीरता से लिया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसके लिये सोसायटी के अध्यक्ष व सचिव जिम्मेदार होंगे।*

*उन्होंने कहा है कि कोई भी अनहोनी होने पर होगी सख्त कार्रवाई, अभद्रता करने वाले बॉउंसरों पर भी कार्रवाई होगी। सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समिति गठित भी की है।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **नंबर 1 अजीत निवासीः ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 2 के सामने परिसर, डिफेंस एन्क्लेव, बीएसईएस पोल नंबर एनजेएफएचएन 31 के पास, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043** और अभियुक्त **नंबर 2 श्रीमती रेणु पत्नी कपिल, निवासीः ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 2 के सामने परिसर, डिफेंस एन्क्लेव, बीएसईएस पोल नंबर एनजेएफएचएन 31 के पास, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Ct. Cases No.415/2023 U/S 135 भारतीय विद्युत अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना बाबा हरिदास नगर, दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **अजीत और श्रीमती रेणु** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अजीत और श्रीमती रेणु** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **Ct. Cases No.415/2023 U/S 135 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना बाबा हरिदास नगर, दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **अजीत और श्रीमती रेणु** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 24.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, हरलीन सिंह
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण पश्चिम),
विशेष न्यायालय (विद्युत), न्यायालय संख्या 609,
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली।

DP/13768/DW/2025
(अदालती मामला)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिलशाद पुत्र** मो० रहमान **निवासीः** म.नं. G-263E, संगम विहार, नई दिल्ली ने **FIR No. 455/2018 U/s 279/388 IPC & 185/146/196 MV Act थानाः संगम विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दिलशाद** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दिलशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 455/2018 U/s 279/388 IPC & 185/146/196 MV Act थानाः संगम विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिलशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिन्द्र सिंह
जेएमएफसी-04, कमरा नं. 211
साकेत कोर्ट काम्पलेक्स, नई दिल्ली

DP/13980/SD/2025
(Court Notice)

### पूर्व में 28 मामले हैं दर्ज, थाना ओल्ड का है दुश्चरित्र अपराधी

# किराना स्टोर संचालक से रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में रंगदारी मांगने के एक मामले में थाना ओल्ड पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दीअपनी शिकायत में बताया कि उसका ओल्ड मैन मार्केट में किराना स्टोर है 15 अक्टूबर को दिन के समय वह अपनी दुकान पर बैठा था तो उसके पास दो लडके आये जिसमें से एक ने अपना नाम विजय बताया और उससे मंथली के रुप में 10,000 रुपए मांगे और धमकी देकर वहा से चले गए। जिसके



कुछ देर आरोपियों ने शिकायतकर्ता की दुकान के सामने फड लगाने वाले कैलाश को चाकू मार कर घायल कर दिया। जिस शिकायत पर थाना ओल्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना ओल्ड की टीम ने विजय खटीक निवासी बाढ़ मौहल्ला फरीदाबाद को नया पल्ला पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | वर्ष 2025-26 हेतु प्रांतीय उप मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, हथीन (हथीन में लोनिवि स्टोर में सामग्री का संग्रहण) में विभिन्न सड़कों के वार्षिक रखरखाव हेतु सामग्री का अग्रिम संग्रहण (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.10.2025 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd- palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव मोहाना जिला सोनीपत में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 16.10.2025 27.10.2025 | 239.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed- kamal@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 04 मदों तक मदें निहित सूची (04 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 05 मदों तक मदें निहित सूची (05 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 06 मदों तक मदें निहित सूची (06 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 09 मदों तक मदें निहित सूची (09 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 29 मदों तक मदें निहित सूची (29 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.10.2025 12.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बारी बस्सी में सामुदायिक हॉल की चारदिवारी का निर्माण और गांव जटवार में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 14.10.2025 23.10.2025 | 9.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज अम्बाला | डी-प्लान - गांव रज्जू माजरा में एससी चौपाल का निर्माण और गांव लोट्टाओं ब्लॉक नारायणगढ़ में बीसी चौपाल का निर्माण। | 15.10.2025 23.10.2025 | 13.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | गणेशपुर भोरियां - गांव गणेशपुर भोरियां ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 14.10.2025 20.10.2025 | 57.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | बागवानी अमरूद प्रदर्शन केन्द्र, भुना फतेहाबाद | सीईजी, भुना (फतेहाबाद) में माइक्रो इरीगेशन सिस्टम और ओटोमेशन यूनिट की आपूर्ति व स्थापना के लिए ई-निविदा सूचना का प्रकाशन। | 17.10.2025 06.11.2025 | 75000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896389920 ddhbhuna@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/39526/I/88/7 दि. 16.10.25

मुख्यमंत्री ने यमुना नदी की सफाई और झाग नियंत्रण के लिए बरती जा रही तैयारियों का किया निरीक्षण

# यमुना पहले से कई गुना स्वच्छ, झाग जैसी स्थिति नहीं : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कुछ लोग यमुना की स्थिति को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनसे बचना जरूरी है। छठ पर्व के दौरान यमुना में इस बार झाग नहीं दिखाई देगा और श्रद्धालु यमुना नदी में पूरे मनोयोग से इस पर्व को मनाएंगे। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कालिंदी कुंज (मदनपुर खादर) क्षेत्र में यमुना नदी की सफाई और झाग नियंत्रण के लिए बरती जा रही तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद कही।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यमुना के पानी की जांच के लिए कार्य कर रहे ऑन-साइट लैब सेटअप की रिपोर्ट की भी जांच की और यमुना नदी के पानी की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। यह लैब दिल्ली जल बोर्ड के ट्रीटमेंट प्लांट एंड क्वालिटी कंट्रोल विंग के तहत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरे में विकास व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा भी थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में यमुना का जल पहले से कई गुना स्वच्छ हो गया है। कोई झाग जैसी स्थिति नहीं है। यमुना में अमोनिया की मात्रा भी काफी कम हो गई है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच में यमुना के जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा 4.0 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई। यह मात्रा नदी के लिए पर्याप्त है और जलीय जीवों के जीवन के लिए उपयुक्त मानी जाती है। यह मात्रा अगर दो या उससे नीचे हो तो यमुना व जलजीवों के लिए खतरा बन सकती है। मुख्यमंत्री के अनुसार एक समय था, जब यमुना में ऑक्सीजन लेवल शून्य से भी नीचे चला गया था और उस स्थिति में किसी भी जलीय जीव का जीवित रहना असंभव था। आज जो सुधार देखा जा रहा है, वह दिल्ली में लगातार डीसिल्टिंग, आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के पुनरुद्धार और नालों के टैपिंग से संभव हुआ है।

मुख्यमत्री ने बताया कि यमुना नदी के जल की गुणवत्ता की लगातार जांच हो रही है। यमुना नदी में फॉस्फेट का स्तर, जो झाग बनने का मुख्य कारण होता है, वह अब केवल 0.2 दर्ज किया गया है, जबकि इसके 2 पॉइंट से ऊपर होने पर झाग बनना शुरू हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यमुना में झाग नियंत्रण के लिए उपयोग किए जाने वाले डी-फॉर्मर और अन्य रासायनिक प्रक्रियाएं पूरी तरह से इको-फ्रेंडली और प्रमाणित हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी रसायन पर्यावरण, जल जीवन और जलीय जीवों के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### 'यमुना होगी निर्मल, न झाग होगा और न ही प्रदूषण'

मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पर्व पर व्रतियों के लिए यमुना में किसी भी प्रकार झाग या गंदगी नहीं दिखाई देगी। अब हमारी सरकार के कार्यकाल में की गई व्यवस्थाओं और तैयारियों के कारण आज कालिंदी कुंज यमुना घाट पर किसी भी प्रकार का झाग या गंदगी दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि आज यमुना का जल स्पष्ट रूप से स्वच्छ और झाग-मुक्त है। दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि इस वर्ष छठ पर्व भव्य और दिव्य रूप से मनाया जा सके, ताकि श्रद्धालु स्वच्छ जल में खड़े होकर श्रद्धा और भक्ति के साथ सूर्य भगवान को अर्घ्य दे सकें। मुख्यमंत्री कहा कि यह वही क्षेत्र है जहां पिछले साल तक एक-एक मीटर ऊंचे झाग बनते थे और छठ व्रतियों को उसी झाग में खड़े होकर पूजा करनी पड़ती थी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि सैकड़ों कर्मचारी और अधिकारी दिन-रात यमुना की सफाई में जुटे हैं।

### 'छठ पर्व की तैयारियां तेज'

स्थलीय निरीक्षण के दौरान विकास व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की संस्कृति और परंपरा ही उसकी असली पहचान है और इन्हें सशक्त बनाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी प्रतिबद्धता के साथ, हमारी सरकार छठ महापर्व के आयोजन की तैयारियों में प्रभावी, निरंतर और तेजी से कदम बढ़ा रही है। मिश्रा ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली पूर्ण श्रद्धा व भव्यता के अनुरूप छठ महापर्व की साक्षी बनेगी।

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार ने लागू किया विंटर एक्शन प्लान : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वर्ष 2025-26 के लिए विंटर एक्शन प्लान को लागू कर दिया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने कहा कि यह विंटर एक्शन प्लान अक्टूबर से फरवरी के बीच होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया है। इसमें 7 प्रमुख थीम और 25 एक्शन प्वाइंट्स शामिल हैं।

इन थीमों में सड़क धूल और निर्माण प्रबंधन, वाहन उत्सर्जन, उद्योग व ऊर्जा क्षेत्र, कचरा व खुले में आगजनी, नागरिक भागीदारी व निगरानी, और ग्रीन इनोवेशन शामिल हैं। यह कार्रवाई दिल्ली की 30 से अधिक एजेंसियों के समन्वय से की जाएगी।

गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्री सिरसा की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कदम तय समयसीमा में पूरे हों और ग्रीर वार रूम से उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग हो। उन्होंने कहा कि इस सर्दी प्रदूषण नियंत्रण के नियमों के अनुपालन पर कोई समझौता नहीं होगा। हर विभाग को गति और फोकस के साथ काम करना होगा। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनडीएमसी, डीएसआईआईडीसी, डीपीसीसी और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोज़ाना समन्वय बनाकर काम करें। मंत्री सिरसा ने लोगों से अपील की है कि वह ग्रीन दिल्ली एप का इस्तेमाल करें, ग्रेप एडवाइजरी का पालन करें और जहां तक संभव हो, सार्वजनिक परिवहन या ईवी अपनाएं। मंत्री सिरसा ने बताया कि 578 प्रवर्तन टीमें सड़कों पर धुआं, पीयूसी और इंजन चालू रखे जाने के उल्लंघन पर निगरानी कर रही हैं। 953 पीयूसी केंद्र अब ट्रांसपोर्ट विभाग के डैशबोर्ड से लाइव जुड़े हैं। गंभीर प्रदूषण स्तर (ग्रेप 3 और 4) पर पार्किंग शुल्क दोगुना होगा ताकि निजी वाहनों का प्रयोग घटे। डीएमआरसी की ई-ऑटो फ्लीट बढ़कर 2,299 होगी, नए पंजीकरणों में ईवी का हिस्सा 12 प्रतिशत से ऊपर रहेगा।

### सड़क धूल नियंत्रण के लिए जोड़े जाएंगे 70 और नए मैकेनिकल रोड स्वीपर

मंत्री सिरसा ने बताया कि सड़क धूल नियंत्रण के लिए 86 मैकेनिकल रोड स्वीपर, 300 स्प्रिंकलर और 362 एंटी-स्मॉग गन पहले से ही तैनात हैं। 70 और नए स्वीपर व उपकरण जोड़े जा रहे हैं। सभी बड़ी सड़कों की वैक्यूम क्लीनिंग होगी, रूट जीपीएस से ट्रैक किए जाएंगे। वहीं 500 वर्गमीटर से बड़े हर निर्माण प्रोजेक्ट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 3 हजार वर्ग मीटर से बड़े प्रोजेक्ट और 5 मंजिल से अधिक इमारतों के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना जरूरी।

### मौसम ने बदली करवट, पारा पहुंचा 32 डिग्री पार

**नई दिल्ली।** मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है, जिसके चलते गुरुवार को दिल्ली में पारा चढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया। पारा चढ़ने से दिन के समय लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। लेकिन मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान बढ़कर 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज माइनस 0.3 डिग्री कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस जो इस मौसम के सामान्य से 1.5 डिग्री नीचे है। यानी कहा जा सकता है कि मौसम के बदलने के बावजूद रात के समय हल्की सर्दी बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि ला-नीना लौट आया है जिसके चलते दिल्ली सहित पूरे भारत में आने वाले दिनों में कड़ाके की सर्दी पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता।

## प्रवेश वर्मा ने बवाना में सीवर और सड़क के अधूरे कार्य जल्द पूरे करने के दिए निर्देश

**जल मंत्री और समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने की दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को बवाना में चल रही सीवर परियोजनाओं को लेकर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री रविंद्र इंद्राज ने बवाना के बेगमपुर और शाहबाद की कई कॉलोनियों में चल रही सीवर परियोजनाओं में देरी से स्थानीय निवासियों को हो रही दिक्कतों के बारे में बताया। इस पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को कार्य जल्द और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने बैठक के दौरान कहा कि शाहबाद जीओसी एवं बेगमपुर जीओसी के अंतर्गत चल रहे सीवर परियोजनाओं का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। जो कार्य अब तक हुआ है, वह भी संतोषजनक नहीं है। अधूरे सीवर लाइनों, ओवरफ्लो तथा अस्वच्छ परिस्थितियों के कारण स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। इन परियोजनाओं के पूरा न होने के कारण सड़क, नाले, और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े बाकी विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। जल मंत्री प्रवेश ने दिल्ली जल बोर्ड को शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही जल बोर्ड अधिकारीयों को डीएसआईआईडीसी के साथ समन्वय बनाकर काम करने के भी निर्देश दिए, ताकि सीवर लाइनों से प्रभावित सड़कों की मरम्मत का कार्य भी समय पर पूरा हो। इस बैठक में बवाना में जल आपूर्ति को लेकर समाज कल्याण मंत्री इंद्राज ने पल्ला एमबीआर से बवाना यूजीआर हेतु जल आवंटन किया।



सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *

## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले



**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता
राकेश सोहम



# दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





माही, महासमुंद



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# संकल्प-पत्र के 217 में से 46 वादे एक साल में पूरे

# मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 24 हजार को दी नौकरियां, मुफ्त डायलिसिस सेवाएं, 48 घंटे के भीतर फसल खरीद का भुगतान

पूरे किए गए संकल्प। हमने पिछले विस चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 46 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 158 वादों पर काम प्रगति पर है। यह एक वर्ष का समय भले ही कम है, लेकिन हमने जिस नॉन-स्टाप विकास का संकल्प लिया था। उसकी सिद्धि में यह एक वर्ष विकास की तिगुणी गति का साक्षी है। हम इसी वित्त वर्ष में कुल 90 संकल्प पूरे कर लेंगे।

❐ नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही 17 अक्तूबर, 2024 को 24,000 युवाओं को ग्रुप-सी की सरकारी नौकरियां दी गई।

❐ इसके अलावा ग्रुप ए व बी के हरियाणा लोक सेवा आयोग ने 01 अप्रैल 2024 से 13 नवंबर 2024 तक कुल 1311 उम्मीदवारों का चयन किया है।

❐ सभी नागरिक जिला अस्पतालों व मेडिकल कालेजों में 18 अक्तूबर, 2024 से किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस सेवाएं शुरू की गईं।



❐ 24. नवम्बर, 2024 में आयोजित पहले विधानसभा सत्र में ही अनुबंधित कर्मचारियों, तकनीकी शिक्षा, अतिथि संकाय और कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर व अतिथि प्राध्यापकों को सेवा सुरक्षा प्रदान की।

❐ सभी 24 फसलों के दाने-दाने की खरीद एमएसपी पर करने की अधिसूचना 19 दिसम्बर, 2024 को जारी की गई।

❐ किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए ई-खरीद एप्लीकेशन द्वारा घर बैठे ई-गेट पास बनाने की सुविधा दी। किसान अपनी सुविधा अनुसार अपनी सारी फसल का एक गेट पास बनाकर मंडी में बेच सकता है।

❐ खरीफ सीजन-2024 से किसानों की फसल खरीद का पैसा फसल का Exit Gate Pass कटने के 48 घंटे के अन्दर डीबीटी के माध्यम से कर दिया जाता है।

❐ विधानसभा में 18 नवम्बर, 2024 को बिल पास करके हरियाणा के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया।

❐ 'हर घर-हर गृहणी' योजना के तहत प्रदेश के 15 लाख से अधिकअंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडरदिया जा रहा है।

❐ मातृभाषा सत्याग्रहियों की पेंशन 14 जनवरी से 15 से बढ़ाकर 20,000 मासिक की गई।

❐ छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए 'हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना-2025' गत 23 जनवरी को शुरू की गई। इसमें जीएसटी से पहले के 7 अधिनियमों के तहत बकाया कर राशि का निपटान किया जा रहा है। इसके तहत 10 लाख रुपये तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को 1 लाख तक की छूट मिलेगी।

❐ 70 साल से अधिक आयु वर्ग के सभी बुजुर्गों के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 5 लाख रुपये सालाना की मुफ्त इलाज सुविधा शुरू की गई।

❐ राज्य में बी.पी.एल. परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों की मोतियाबिंद सर्जरी मुफ्त की जा रही है।

❐ 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' में माता वैष्णो देवी और शिरडी साईं मंदिर की दर्शन यात्रा को भी शामिल किया गया। इसके अलावा प्रयागराज में हुए महाकुम्भ की यात्रा को भी शामिल किया गया।

❐ नागरिक कल्याण हेतु गत 22 अक्तूबर से नगर निकायों में समाधान शिविर शुरू किए गए। इनमें 75 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया किया गया। इसके अतिरिक्त, जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से भी आमजन की 45 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया।

❐ हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण का गठन किया गया।

❐ नियमित महिला सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां प्रतिवर्ष 20 से बढ़ाकर 25 कीं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में काम कर रही महिला कर्मियों की छुट्टियां प्रतिवर्ष 10 से बढ़ाकर 22 कीं।

❐ नकली खाद, बीज और कीटनाशक बनाने व बेचने वालों को 5 साल की सजा देने का कानून लागू किया।

❐ हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी। HKRN में उप-पोर्टल का प्रावधान किया गया है।

❐ नई एकीकृत पेंशन स्कीम (UPS) को लागू करने के लिए 2 जुलाई, 2025 को अधिसूचना जारी की जा चुकी है। सूबे के 2 लाख कर्मियों को लाभ होगा।

❐ डंकी रूट की समस्या को खत्म करने हेतु 26 मार्च, 2025 को विधानसभा में बिल पास करके एक्ट बनाया गया। इसका उद्देश्य यात्रा एजेंटों के काम में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करना है। साथ ही उनके6अवैध और धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेन की जांच कर उन पर अंकुश लगाना है।

❐ साइबर सुरक्षा में सुधार और साइबर अपराधों रोकने को हर उपमंडल में साइबर डैस्क/सैल की स्थापना हुई ।



❐ जिला सिरसा, फतेहाबाद, अम्बाला, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल एवं पानीपत में 8 डैडिकेटिड एन.डी.पी.एस. फास्ट ट्रैक कोर्ट की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। एच.एस.एन.सी.बी. द्वारा एन.डी.पी.एस. मानिटरिंग सेल स्थापित की गई है।

❐ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक समय से काबिज परिवारों के लिए 12 दिसम्बर, 2024 को अधिसूचना जारी की गई है। गांव का कोई निवासी 31.03.2004 को या उससे पहले 500 वर्ग गज तक की भूमि पर घर बनाया है, वह 31.03.2004 के कलेक्टर रेट के आधे मूल्य पर उस भूमि को खरीदने बारे आवेदन कर सकता है।

❐ रेवाड़ी में सैनिक संग्राहलय पहले से ही स्थापित है और नवीनीकरण के लिए 18 लाख की राशि जारी की जा चुकी है।

❐ प्रदेश में एम.एस.एम.ई. निदेशालय ने प्राकृतिक आपदाओं और आग तथा चोरी जैसी अप्रत्याशित घटनाओं की बीमा कवरेज के लिए वित्तीय सब्सिडी प्रदान करता है। सुरक्षा ऑडिट पर किए गए व्यय के 75 प्रतिशत, अधिकतम 1 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाती है।27. शहीद सैनिकों के हर बच्चे को 6वीं से 12वीं कक्षा तक 60,000 रुपये, स्नातक तक 72,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर तक 96,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु कैबिनेट की बैठक में इसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

❐ किसानों / उद्यमियों के लिए 5000 मीट्रिक टन तक के कोल्ड स्टोरेज की स्थापना हेतू विभागीय स्कीमों में 35 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधानहै, जोकि 1.68 करोड़ से 2.10 करोड़ रुपये प्रति लाभार्थी है।

❐ मौसमी फसलों के लिए जलवायु अनुकूल फसल किस्में उपलब्ध कराना एक निरन्तर प्रक्रिया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस विषय पर कार्य कर रहा है। पिछले 4 वर्षों में विश्वविद्यालय ने विभिन्न फसलों की 44 किस्में अनुमोदित की है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय इस कार्य में केन्द्र सरकार का सहयोग भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली से प्राप्त करता है।

❐ हरियाणा राज्य में हल्दी, लहसुन व अदरक के लिए 30,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है। अन्य मसालों की खेती जैसे धनिया, मेथी आदि के लिए 15,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है।8है, जोकि 1.68 करोड़ रुपये से 2.10 करोड़ रुपये प्रति लाभार्थी है।

### अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्य पुरस्कार

*♦ दिव्यांग कर्मचारियों / स्व-रोजगार चलाने वाले व्यक्ति या संस्था को प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्य पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। राज्य पुरस्कार की राशि 15,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक है।*

*♦ हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी बनाने हेतु कार्रवाई शुरू हो गई है। खेल नर्सरियों की हिदायतों अनुसार ओलम्पिक/ कॉमनवैल्थ/एशियन खेलों की ही नर्सरियां खोली गई है।*

*♦ हरियाणा सरकार प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना 2.0' के तहत प्रशिक्षुओं की वजीफा/छात्रवृति राशि 1500 रुपये प्रतिमाह सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है।*

*♦ खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित करने को सरकार द्वारा हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी (ग्रुप क, ख, तथा ग) सेवा नियम-2021 बनाए गए। पदक विजेताओं को योग्यता अनुसार नौकरी दी जा रही ♦ महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' को लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती, 25 सितंबर, 2025 से की गई। पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 की सहायता प्रदान की जाएगी।*

*♦ सभी अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रूपये के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार उठाएगी। यह सुविधा 1 अप्रैल, 2025 से लागू की जा चुकी हैं।*

*♦ दिव्यांग युवाओं को व्यवसाय को बिना गारंटी 5 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा। ♦ बरवाला औद्योगिक एस्टेट, पंचकुला के विकास के पहले चरण का कार्य पूर्ण। इसके दूसरे चरण का कार्य जारी।*

*♦ सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त कालेजों को डिजिटल लाइब्रेरी सदस्यता प्रदान करेंगे। इसके तहत 26 कॉलेजों ने ब्रिटिश काउंसिल ऑफ इंडिया की और 149 कॉलेजों ने भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की सदस्यता ली है।*

*♦ जींद में 2 राज्य स्तरीय हर्बल पार्क / उद्यान (16 और 20 एकड़) और रेवाड़ी जिले में 13 राज्य स्तरीय हर्बल पार्क स्थापित किए जा चुके हैं।*

*♦ हिसार हवाई अड्डे से 14 अप्रैल, 2025 को प्रधानमंत्री ने हिसार से अयोध्या की फ्लाईट को हरी झंडी दी गई है। 9 जून, 202513को हिसार से चंडीगढ़ और 11 सितम्बर, 2025 को हिसार से जयपुर फ्लाईट का संचालन शुरु चुका है। जल्द जम्मू व अहमदाबाद को हवाई सेवा शुरू होगी। अंबाला हवाई अड्डे के सिविल कार्य पूरे हो चुके है। एयरपोर्ट फ्लाईट संचालन हेतु तैयार है। वाणिज्यिक घरेलू उड़ान संचालन शीर्घ ही शुरू होगा।*

*♦ मधुमेह और हृदय रोग जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एन.सी. डी. क्लिनिक स्थापित करने के प्रस्ताव को अधिकारियों द्वारा मंजूरी मिल गई है। 1 मई, 2025 से राज्य के सभी पी.एच.सी. में एन.सी.डी. क्लिनिक स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।*

❐ मौसमी फसलों के लिए जलवायु अनुकूल फसल किस्में उपलब्ध कराना एक निरन्तर प्रक्रिया है। 4 वर्षों में विवि ने विभिन्न फसलों की 44 किस्में अनुमोदित की है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि केन्द्र सरकार का सहयोग भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से प्राप्त करता है।

❐ हरियाणा राज्य में हल्दी, लहसुन व अदरक के लिए 30,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है। अन्य मसालों की खेती जैसे धनिया, मेथी आदि के लिए 15,000 प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जा रहा है।

❐'पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना' के अंतर्गत अनुसूचित जाति के परिवारों द्वारा पाले जा रहे 100 छोटे पशुओं व 50 सूकर का बीमा मुफ्त किया जा रहा है।

❐ राज्य में वर्ष 2018 से 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना' चलाई जा रही है, जिसमें एक पशुपालक के 10 बड़े व 100 छोटे पशुओं के लिए 1 लाख वार्षिक बीमा का कवर केवल 15 प्रतिशत प्रति पशु प्रतिवर्ष प्रीमियम पर किया जा रहा है।❐ बाजरा जैसे श्री अन्न फसलों की ब्रांडिंग और प्रमोशन को प्राथमिकता के लिए हैफेड ने एक महिला स्वयं सहायता समूह के साथ गठजोड़ किया है और हैफेड की ब्रांडिंग में बाजरा जीरा बिस्कुट, ज्वार नमकीन तथा भुना हुआ बाजरा नमकीन लॉन्च किया है।

❐ सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन की मासिक राशि को मंहगाई सूचकांक 2016 की दर से अधिक 01.01.2016 से 1600 प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 प्रतिमाह की जा चुकी है।

---

### मुख्यमंत्री ने नागरिक अस्पतालों की मरम्मत व सुविधाओं को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हों अस्पताल, सफाई कल्चर विकसित करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के भवन आदि की मरम्मत से लेकर सफाई व्यवस्था तक सभी कार्य दुरुस्त रखें। अधिकारी नियमित निरीक्षण करें , सफाई के मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के लगभग एक दर्जन सरकारी अस्पतालों के मरम्मत तथा सफाई व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।



### विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में चल रहे भवन के मरम्मत , बिजली से संबंधित कार्य, अस्पताल के रिसेप्शन एवं वार्ड से लेकर जन सुविधाओं तक की साफ़ -सफाई एवं सौंदर्यकरण तथा परिसर को हरा भरा बनाने संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल एकदम से साफ और सुंदर हों , इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### लापरवाही को सहन नहीं करेंगे

*उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में सफाई -कल्चर पर विशेष बल दें। जो अधिकारी या कर्मचारी स्वच्छता के मामले में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।*

### लोगों को सुविधाएं देना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन आदि की मरम्मत करने के बाद उसके रखरखाव की जिम्मेवारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में पेड़ -पौधों की देखभाल करने , आवश्यकता अनुसार अन्य पौधे लगाने एवं पार्क की व्यवस्था दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

### माओवादी रूपेश के नेतृत्व में सौंपेंगे हथियार

# मुख्यमंत्री के समक्ष आज 140 से ज्यादा नक्सली करेंगे सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में 17 अक्टूबर शुक्रवार को जगदलपुर में 140 से ज्यादा नक्सली सरेंडर करेंगे। माओवादी नेता रूपेश के नेतृत्व में नक्सली 100 से अधिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करेंगे। हम नक्सलियों का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करेंगे। जगदलपुर में ऑफिशियल सरेंडर अनाउंस होंगे। पुलिस महकमा इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं। बस्तर की जनता लाल आतंक नहीं चाहती है। यह बस्तर के लिए नई शुरुआत का दिन होगा। जनता अब लाल आतंक नहीं चाहती है। विकास, शांति तथा स्थायित्व की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह आत्मसमर्पण सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों का परिणाम है। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम के लिए



पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी में जुटा है। जगदलपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और कार्यक्रम स्थल पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। दीपक बैज के आरोपों पर शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का नेतृत्व हमने झीरम में खोया था। ये कांग्रेस के नेता हैं, जिनको हमने खोया था। झीरम घाटी का रिपोर्ट जेब में है बोलकर पांच साल काट दिये। आज जो परिवर्तन हो रहा है वो नई सरकार के प्रयास से हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर कहा कि 31 अक्टूबर की रात को प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ आएंगे और एक नवंबर राज्योत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री 28, 29, 30 नवंबर को रायपुर में रहेंगे, वे डीजी कॉन्फ्रेंस में शिरकत करेंगे।

### पति-प्रेमी पर अश्लील वीडियो वायरल का केस दर्ज

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** गौरेला थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने प्रेमी और पति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि वह कुछ वर्षों से अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। इसी दौरान उसकी जान-पहचान के युवक मोनू यादव के साथ नजदीकियां बढ़ गई। पीड़िता के अनुसार, मोनू यादव ने उसकी कुछ अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और यह वीडियो उसके पति को भी भेज दिया। इसके बाद पीड़िता के पति ने भी उक्त वीडियो अपने रिश्तेदारों को साझा कर दिया। युवती को वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली, तो उसने तुरंत गौरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मोनू यादव और पीड़िता के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# पंजाब डीआईजी की कोठी से ₹5 करोड़ मिले

### रिश्वत केस में किए गए गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** केंद्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डी आ ई जी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत केस में गिरफ्तार किया है। डीआईजी ने बिचौलिए के जरिए फतेहगढ़ साहिब में मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से 8 लाख की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत न देने पर उसके 2 साल पहले सरहिंद में दर्ज पुराने केस में चार्जशीट पेश करने और नए फर्जी केस दर्ज करने की धमकी दी गई। कारोबारी ने इसकी शिकायत सीबीआई को कर दी। सीबीआई ने जांच के बाद ट्रैप लगा गुरुवार को डीआईजी को गिरफ्तार कर लिया।



सीक्रेट लोकेशन पर हो रही पूछताछ

### 15 प्रॉपर्टी-लग्जरी गाड़ियों का खुलासा

### नोट गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ी

इसके बाद दिल्ली और चंडीगढ़ से आई सीबीआई की करीब 52 लोगों की टीम ने उनके मोहाली ऑफिस और चंडीगढ़ के सेक्टर 40 की कोठी को खंगाला। उनकी कोठी से 5 करोड़ का कैश मिला। जो 3 बैग और 1 अटैची में भरा हुआ था। इससे गिनने के लिए सीबीआई की टीम को नोट गिनने वाली मशीन मंगवानी पड़ी। इसके अलावा भारी मात्रा में गहने भी मिले। सीबीआई को डीआईजी की 15 प्रॉपर्टी और लग्जरी गाड़ियों के डॉक्यूमेंट्स भी मिले है। डीआईजी की चंडीगढ़ कोठी में सीबीआई की टीमें अभी भी जांच कर रही हैं। भुल्लर को मोहाली स्थित डीआईजी ऑफिस से पकड़ने की सूचना है लेकिन अभी तक जांच एजेंसी ने औपचारिक पुष्टि नहीं की है।

---

### जी-हब क्रियान्वयन इकाई का गठन

# भोपाल व इंदौर आर्थिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी संचालन समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन की ओर से जी हब पहल के तहत शहरी क्षेत्र को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही जी-हब क्रियान्वयन इकाई समिति भी गठित की गई है। इस पहल से चिन्हित नगरीय क्षेत्र के आर्थिक विकास की रणनीति तथा इसे प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। इस कार्य में नीति आयोग की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन ने भोपाल आर्थिक क्षेत्र (भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन एवं सीहोर) के लिए एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र (इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, खरगोन, रतलाम, शाजापुर एवं खंडवा) को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के लिए इकोनॉमिक प्लान तैयार करने का अनुरोध नीति आयोग को भेजा जा चुका है।

### इकोनॉमिक प्लान तैयार करने में इन विभागों की भूमिका

संचालन समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उदयम, पर्यावरण, वन, गृह, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, सदस्य होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मप्र राज्य नीति आयोग को सदस्य-सचिव बनाया गया है। संचालन समिति के कार्य अंतर्गत राज्य स्तर पर जी हब इनिशिएटीव की दिशा एवं रणनीति निर्धारण करना, भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र के लिए इकोनॉमिक प्लान तैयार करने के लिए नीति आयोग एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना, प्रगति की नियमित समीक्षा करना और अन्य राज्यों, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना जैसे काम समिति की ओर से किए जाएंगे।

### कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित होगा

निवेश, उद्योग, अवसंरचना, शहरी विकास, कृषि, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्रों की प्राथमिकताओं को पहचानकर कार्य योजना बनाना, स्थानीय स्तर पर परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना तथा पीएम गति शक्ति एवं अन्य राष्ट्रीय राज्य स्तरीय योजनाओं के साथ उनका समन्वय करना, संचालन समिति को समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट एवं समीक्षा विवरण प्रस्तुत करना, कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित करना तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम सुझाना और अन्य राज्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन कर क्षेत्रीय योजनाओं में उनका समावेश किया जाएगा।

---

# भिवानी परिवार मैत्री संघ के नि:शुल्क शिविर में 180 मरीजों की जांच

- 40 का होगा लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन, 45 मरीजों की ओरल जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्री श्याम बाबा जी की कृपा हो तो हर कार्य पूरा और हर मिशन सफल हो जाता है। ऐसी ही कामयाबी का प्रतिबिम्ब भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के 32वें निःशुल्क आंखों के मोतियाबिंद ऑपरेशन (लैंस प्रत्यारोपण) एवं मेडिकल कैम्प में आज देखने को मिला जब मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी, बारी के इंतजार में लंबी लाइनें लगीं और मरीजों को रोगमुक्त करने के बीपीएमएस के मिशन को नई गति मिली। निःशुल्क शिविर में 180 मरीजों की जांच (ओपीडी) की गई। 40 मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। कुल मरीजों में से 45 की कैंसर स्क्रीनिंग के तहत ओरल जांच की गई। निःशुल्क शिविर का आयोजन आज बुधवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भिवानी में किया गया। भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के संयुक्त सचिव एवं मेडिकल कैंप के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि शिविर में मरीजों की निरंतर बढ़ती भीड़ बीपीएमएस की सेवा भावना, इसमें आने वाले चिकित्सकों की दक्षता और मरीजों को दी जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यानी मेडिकल रिजल्ट अच्छे आ रहे हैं, मरीजों की अच्छी देखभाल की जा रही है, कोई शिकायत नहीं आ रही , मरीजों का भरोसा दिन ब दिन बढ़ रहा है। संजय गुप्ता ने बताया कि और अधिक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ देने के निःशुल्क शिविरों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने पर संस्था गंभीरता से विचार कर रही है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों बीपीएमएस के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया था मरीजों की भीड़ को देखते हुए निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर को भिवानी के



## चिंतन

# बच्चे की तरह बयानबाजी क्यों कर रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति होकर भी उनकी हरकतें उस बिगड़ैल बच्चे के समान होती जा रही हैं जो अपनी जिद पूरी न होने पर चीखता-चिल्लाता और हाथ-पैर पटकता है। उनकी हर टिप्पणी हैरान करने वाली होती है। वो ऐसे इंसान हैं, जो कभी भी, कुछ भी कह सकते हैं। कभी भारत को डूबती अर्थव्यवस्था बताने वाले ट्रंप अब कह रहे हैं कि जल्द ही भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 फीसदी रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिस दिन से टैरिफ लगा है ट्रंप समेत अमेरिकी प्रशासन के अनेक सदस्य भारत को लेकर बयानबाजी करते आ रहे हैं। खुद ट्रंप भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही किया था। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने ही युद्ध विराम करवाया था। डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। ट्रंप की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ के लागू होने से कुछ ही घंटे पहले आई थी। हालांकि, भारत शुरू से ही ट्रंप के सीजफायर कराने के दावे को खारिज करता रहा है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही उन्होंने भारत की दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को डूबता हुआ बता दिया था। इसी से साफ हो गया था कि ट्रंप एक दिग्भ्रमित या फ्रस्टेटेड राजनेता हैं और ये उनकी नकारात्मक सोच है। ट्रंप को समझ लेना चाहिए कि कौए के कोसने से आसमान नहीं गिरा करता। भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व की प्रमुख गतिशील इकोनॉमी है जिसने ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया है। एशियाई विकास बैंक ने भी 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है। भारत में कार्यक्षम युवा आबादी की औसत आयु 28.8 वर्ष है जबकि अमेरिका में 38.5 वर्ष है। इस लिहाज से जवान सक्रिय वर्क फोर्स या कार्यबल के मामले में भारत बेहतर स्थिति में है। भारत में प्रचुर मानव संसाधनों के अलावा तकनीक में कुशल युवा भी बड़ी तादाद में हैं जो अंतरिक्ष, एआई आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहकर देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। इकोनॉमी को यही आगे बढ़ाते हैं। ट्रंप के कहने से न तो इकोनॉमी बढ़ने वाली है और न ही डूबने वाली। अब वो दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। जबकि भारत पूरी तरह से साफ कर चुका है कि वो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए फैसले लेने को स्वतंत्र है। इसके लिए हमें अमेरिका तो क्या दुनिया की कोई भी ताकत बाध्य नहीं कर सकती। इसके बावजूद ट्रंप अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया है। वो बार-बार ऐसा करके दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब का नया भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। वो अपने फैसले खुद करता है।



राहत
योगेश कुमार सोनी

# ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी

**सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको यह बताते हैं कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। ऐसे पटाखों को पूरे देश में लाने के लिए सरकार काम कर रही है। अब यदि दिल्ली-एनसीआर के परिवेश में बात करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां की आबोहवा में जरूरत से ज्यादा फर्क आ गया। बढ़ते ट्रांसपोर्ट, पराली जलाने और इसके साथ ही पटाखों के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जान आफत में रहती है। दरअसल, यह वो समय होता है कि प्रदूषण हवा में घुलकर रह जाता है क्योंकि सर्दी की प्रारंभिकता होती है और मौसम में बदलाव की वजह से हवा नहीं चलती जिससे यह 50 से 70 फुट तक ही घूमता रहता है। इस वजह से सांसों के जरिये हमारे शरीर में घुसकर यह स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करता है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, इस मामले में हर कोई गंभीरता दिखाते हुए काम कर रहा है। बीते दशक भर में दिल्ली में दिवाली के आसपास प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो जाती है और कोर्ट का मानना है कि पटाखों से प्रदूषण और अधिक हो जाता है।

इस प्रकरण की अहम बात यह है कि पटाखों में प्रतिबंध के बावजूद ब्रिकी में कोई कमी नहीं आती। चूंकि प्रशासन की सेटिंग से दुकानदार धड़ल्ले से पटाखें बेचते हैं और लोग जमकर खरीदते भी हैं। बीते 7 अक्टूबर दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी और ग्रीन पटाखों की अनुमति लेगी जैसा कि वर्ष 2019 से दिल्ली में सभी पटाखों पर बैन है और मुख्यमंत्री ने जनभावना को देखते हुए सीमित ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत मांगी थी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट पटाखों से प्रतिबंध हटाता है तो हम वो सभी कदम उठाने को तैयार हैं कि जिससे निर्देशों का पूरी तरह से पालन होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध हटा लिया जाता है तो हम अदालत के आदेश के आलोक में आवश्यक कदम उठाने के लिए तुरंत एक बैठक करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आदेश का पालन हो। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से आम पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है लेकिन कई वर्षों से पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार न तो इसके लिए कोई काम कर पाई थी और न ही जागरुकता फैला पाई थी। इस बार बारी भारतीय जनता पार्टी की जिसको इस कसौटी पर खरा उतरना बाकी है। चूंकि आम आदमी पार्टी के समय में बीजेपी के कई बड़े नेता इस मामले को लेकर केजरीवाल को घेरते थे और कहते थे कि थे कि पटाखे पर बैन लगाना हिंदुत्व पर प्रहार है हालांकि आदेश हर बार कोर्ट का ही



होता था और अब भी कोर्ट का ही है लेकिन दिल्ली सरकार अब अपनी कितनी सक्रियता दिखाते हुए किस तरह का हल निकालती है,यह देखना बाकी है। दरअसल हम प्रदूषण को लेकर आज तक यह तय नहीं कर पाए कि इसकी असली वजह क्या है? इस मामले को लेकर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है।

कुछ कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ ही जाता है और बीते लगभग दो दशकों में दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण बढने का कारण यह रहा कि दिल्ली से सटे हर कोने में जितनी हरियाली थी वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जैसे कि गाजियाबाद से सटे राज नगर में लाखों फ्लैट बन चुके। दूसरी ओर गुरुग्राम में जितनी हरियाली थी आज वहां एक-एक इंच जगह किसानों ने बेच दी और मुआवजे में आ चुकी और वहां भी लाखों फ्लैट बन चुके बल्कि एशिया के सबसे महंगे फ्लैट बिकने लगे। वहीं तीसरी ओर लोनी बॉर्डर चौथी और फरीदाबाद में भी यही स्थिति है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि हमेशा पराली को लेकर भी प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण है चूंकि लेकिन पराली जलाने से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है क्योंकि यह हवा में हानिकारक गैसों और कणों को छोड़ता है जैसे कि मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर। यह धुंध का निर्माण करता है जो शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करता है। पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से गंभीर होता है,क्योंकि धीमी हवाएं इन प्रदूषकों को शहर के ऊपर फंसा लेती हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हर रोज सैकड़ों वाहन खरीदे जाते हैं अर्थात राजधानी में अपनी क्षमता से अधिक वाहन हो चुके जो प्रदूषण बढ़ने का भी एक बड़ा कारण है। पटाखों को लेकर कोर्ट की सबसे जटिल समस्या यह है कि दीपावली आने का समय सर्दी होती है और उस समय दिल्ली में प्रदूषण की प्रारंभिकता बहुत बढ़ जाती है और कोर्ट द्वारा यह समझा जाता है कि पटाखे जलाने से प्रदूषण बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाता है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के बेचने व खरीदने में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को नहीं मिलती। ग्रीन पटाखों के नाम पर हल निकालने का प्रयास किया जाता है लेकिन वह भी अब तक विफल है। पटाखों पर प्रतिबंध कुछ लोग अपनी आस्था पर चोट समझते हैं जिसको लेकर कई हिंदूवादी संगठनों व नेताओं के ब्यान हर वर्ष देखने व सुनने मिलते हैं। यह बात तो तय है कि दिवाली हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है और इस पर्व पर आखिर पटाखे न जलाकर कैसे पर्व पूरा समझा जाए। जब से सनातन का उदय हुआ है तब से यह प्रथा चली आ रही है और वह भी हम न निभा पाएं तो त्योहार पूरा नहीं लगता।

सवाल यही है कि दिल्ली में इसका समाधान कैसे संभव है चूंकि अब हर वर्ष यही देखने व सुनने को मिलता है जो हिंदुओं को कुंठित कर रहा है। कोर्ट व जनता के बीच फंसा यह भावनात्मक घटनाक्रम अब निराशा के रूप में बड़ा आकार ले रहा है। हाल ही में दिल्ली में कई जगहों पर अवैध रूप से पटाखे बेचने पर छापेमारी भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके ब्रिकी धड़ल्ले से जारी है। इसमें एक सवाल यह उठकर आ रहा है कि आखिर राजधानी में इतना पटाखा कहां से आ रहा है? चूंकि पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजूद इतनी मात्रा में आखिर किस तरह इतने बम-पटाखे लाए जा रहे हैं? हालांकि स्थिति स्पष्ट है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत से यह कैसे भी संभव नहीं है,तो फिर यह ड्रामा क्यों किया जा रहा है? इस खेल में कई लोग फंस सकते हैं। बहरहाल कोर्ट व सरकार ने इसका कुछ समाधान तो निकाला जिससे लोगों के मन की कुंठा भी निकली व त्योहार भी मन जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि

डॉ. घनश्याम बादल



# असमय जाना 'कर्ण' का

दूरदर्शन सीरियलों 'महाभारत' के कर्ण और 'चंद्रकांता' के शिवदत्त जैसे ऐतिहासिक पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एक्टर और निर्देशक पंकज धीर का जाना उन दर्शकों को अधिक अखरेगा जो शांत और गहरा अभिनय देखने के लिए टेलीविजन सेट खोलते हैं या फिल्म हॉल में जाते हैं। हालांकि पंकज धीर लोकप्रिय सिनेमा में कोई बहुत बड़ा नाम नहीं थे लेकिन फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिकों में उनकी उपस्थिति हमेशा उल्लेखनीय रही। टेलीविज़न के इतिहास में यदि किसी अभिनेता ने अपने अभिनय से देवताओं, योद्धाओं और आदर्श पुरुषों के चरित्र को जीवंत किया है, तो उनमें पंकज धीर का नाम अग्रणी रहा। "महाभारत" के कर्ण के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी वह अमिट है। चंद्रकांता धारावाहिक में भी शिवदत्त के छोटे से रोल में उनका एक डायलॉग 'कोई शक' दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। पंकज धीर का अभिनय केवल संवादों तक सीमित नहीं था, बल्कि भाव-भाषा और भंगिमा पर उनकी गज़ब की पकड़ को दर्शाता था। पंकज धीर 9 नवंबर 1956 को मुंबई में फिल्मी परिवार में जन्मे,उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे। अभिनय कला उन्हें विरासत में मिली। पंकज धीर ने भी अध्ययन पूरा करने के बाद फिल्मों में आना चुना और 1983 में फिल्मी करियर की शुरुआत की। समय के साथ उन्हें बड़ी फिल्में भी मिलने लगीं जिनमें "खून भरी मांग", "क्रोध", "बाज़ीगर", "तीसरी आंख", "सोने पे सुहागा", "सैनिक", और "सोल्जर" जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। उनके किरदार प्रायः गंभीर, संयमी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले रहे। लेकिन पंकज धीर को असली पहचान मिली महाभारत से। 1988 में बी.आर. चोपड़ा निर्मित "महाभारत" धारावाहिक में कर्ण की भूमिका ने पंकज धीर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कर्ण का पात्र जटिल भावनाओं, आदर्शों, त्याग और त्रासदी का प्रतीक था।



पंकज धीर ने इस भूमिका को न केवल सशक्त अभिनय से जीवंत किया, बल्कि उसे ऐसा मानवीय रूप दिया कि आज भी दर्शक "कर्ण" का नाम सुनते ही उनके चेहरे को याद करते हैं। उनकी आंखों की गहराई, संवादों की गंभीरता और नैतिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति ने उन्हें भारतीय टेलीविज़न के पारंगत एवं लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल कर दिया। "महाभारत" के इस पात्र ने पंकज धीर को प्रसिद्धि और सम्मान दोनों दिलाए।

"महाभारत" के बाद भी पंकज धीर ने कई अन्य धारावाहिकों में भी प्रभावी भूमिकाएँ निभाईं जैसे "बेताल पच्चीसी" में रहस्यमय नायक "चंद्रकांता" में राजसी व्यक्तित्व "युग", "दीया और बाती हम", और "बड़े अच्छे लगते हैं" जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने चरित्र निभाए। उनके अभिनय में परिपक्वता और शालीनता की झलक हमेशा बनी रही। पंकज धीर केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सक्षम निर्देशक भी हैं। उन्होंने फिल्म "बैड बॉय" का निर्देशन किया, जिसमें उनके पुत्र निकितिन धीर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए एक अभिनय प्रशिक्षण संस्थान भी चलाते थे। कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाले पंकज धीर की पत्नी अनीता धीर, स्वयं अभिनेत्री व डिजाइनर हैं। पुत्र निकितिन धीर ने भी चेन्नई एक्सप्रेस, डब्बा, शेरशाह जैसी फिल्मों में काम किया है। पंकज धीर का व्यक्तित्व अभिनय से कहीं बड़ा रहा। वे मानते थे "अभिनय केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है।" भारतीय टेलीविज़न में जिस गंभीरता और गरिमा के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई, वह उन्हें औरों से अलग करती थी। अभी भी केवल 68 वर्ष के थे और लंबी पारी खेल सकते थे लेकिन कैंसर से एक बार जंग जीतने के बावजूद वह पुनः उससे पीड़ित हुए और उन्हें जिंदगी की जंग हारनी पड़ी। एक प्रकार से पंकज धीर का अपने बेटे को फिल्म जगत में अच्छे से स्थापित करने का सपना भी उसी तरह अधूरा रह गया जैसे महाभारत में कर्ण का दुर्योधन को हस्तिनापुर का निर्विवाद शासक देखना और महाभारत का विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया था। पिछले कुछ समय से जिस प्रकार फिल्मी दुनिया को विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और इरफान जैसे कई बड़े कलाकार कैंसर की घातक बीमारी के कारण खोने पड़े हैं, वह एक चिंतनीय विषय है और आधुनिक जीवन शैली पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न भी खड़ा करता है। यह सजग भी करता है कि ग्लैमर की दुनिया में सादगी और आत्म संयम भी बहुत जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्त्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

# कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदुरुस्त रहने के लिए लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। *– ब्रिजेश पटेल, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### बस्तर नक्सली हिंसा मुक्त



यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हैं, जिन्हें सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### न्याय की दिशा



हमारे प्यारे जुबिन के लिए न्याय की दिशा में एक और कदम। सिंगापुर पुलिस के अधिकारी 21 अक्टूबर को विशेष पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व वाली असम पुलिस टीम से मिलेंगे।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### साईं चाँडूराम को श्रद्धांजलि



सिंधी समाज के संत शिरोमणि, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, साईं चाँडूराम साहिब के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनका जीवन-दर्शन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### निष्पक्ष और तेज़ जांच हो



पिछले महीने मशहूर गायक जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत ने देशभर के संगीत प्रेमियों को झकझोर दिया था। सरकार से हमारी अपील है कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले की निष्पक्ष और तेज़ जांच कराई जाए। इस मामले की न्यायिक प्रक्रिया को भी तेज़ किया जाए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# उरुग्वे में इच्छामृत्यु देने वाला कानून किया पारित



उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, 'जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे इस कानून ने बुधवार को उस समय आखिरी बाधा पार कर ली जब संसद के उच्च सदन में 31 में से 20 सीनेटर ने इसके पक्ष में मतदान किया। निचले सदन ने अगस्त में इस विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ 'ब्रॉड फ्रंट' गठबंधन के सांसदों ने इच्छामृत्यु के अधिकार का जोरदार बचाव किया और इसके लिए चलाए गए अभियान की तुलना तलाक एवं समलैंगिक विवाह की वैधता से की। अमेरिकी राज्यों, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन करने का अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाता है जिनके जीने की संभावना छह महीने या एक साल से अधिक नहीं है।

## ऑफ बीट

# दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन



दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक 'अत्यधिक गर्म' दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। बृहस्पतिवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' और अमेरिका स्थित 'क्लाइमेट सेंट्रल' के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल की वास्तविक समय के साथ तुलना करते हुए कंप्यूटर के जरिए यह गणना की है कि पेरिस समझौते से कितनी राहत मिली है। अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा।

# एनडीए ने उम्मीदवारों के चयन में मारी बाजी, महागठबंधन में अभी हो रहा महामंथन

**जदयू की दूसरी सूची में 44 को मिला टिकट, अब तक 229 नाम घोषित**

## पिछड़ा, अति पिछड़ा और एससी-एसटी को दी जगह, भूमिहार के भी 9 प्रत्याशी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने बिहार चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस में 44 प्रत्याशियों को नाम हैं। गोपालपुर के विधायक गोपाल मंडल का टिकट काट दिया है। उनकी जगह बुलो मंडल को टिकट दिया है। सूची में पिछड़े वर्ग से 37, अतिपिछड़ा 22, सामान्य से 22, अनुसूचित जाति से 15, अल्पसंख्यक से 4, एससी से एक प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं 101 प्रत्याशियों में 13 महिला भी हैं। जदयू ने सबसे अधिक कुशवाहा समाज के 13 प्रत्याशी, कुर्मी समाज के 12 प्रत्याशी, राजपूत समाज के 10 प्रत्याशी भूमिहार समाज के 9 प्रत्याशी, यादव और धानुक समाज के आठ प्रत्याशियों को टिकट दिया है।



### 40 स्टार प्रचारकों की सूचीः मोदी-शाह और नड्डा के नाम



भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा भोजपुरी स्टार पवन सिंह, निरहुआ, मनोज तिवारी और रवि किशन शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और अनुराग ठाकुर को भी स्टार प्रचारक बनाया है। एमपी के मोहन यादव, असम के हिमंता बिस्वा सरमा और महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस के साथ दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का नाम भी शामिल है।

### एनडीए ने अब तक 229 उम्मीदवारों के नाम का कर दिया ऐलान

एनडीए पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतर चुका है। अब तक 229 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान हो चुका है। भाजपा और जेडीयू के नेता जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं और प्रचार अभियान को धार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डॉ. मोहन यादव और विष्णुदेव साय पहली रैली से एनडीए के प्रचार की शुरुआत कर दी है, वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी पटना पहुंचे।

## बिहार में राजग प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटेगाः साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नेदावा किया कि बिहार विधानसभा चुनावों के बाद राजग प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगा। कई भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने में शामिल होने के बाद साय ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने उल्लेखनीय विकास किया है। केंद्र सरकार बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विधानसभा चुनावों के परिणाम आने पर राजग एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

**महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेंच में फंसा**

## अब केवल 27 घंटे बाकी और बढ़ती जा रही आंतरिक असहमति और 'बड़ी मांग'



बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण करीब है, लेकिन महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेच में फंसा हुआ है। पहले चरण के नामांकन की आखिरी तारीख में सिर्फ 27 घंटे बाकी हैं, फिर भी किसी भी दल ने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आंतरिक असहमति और छोटे सहयोगी दलों की नाराजगी के कारण सीटों पर अंतिम बात नहीं बन रही है। मुख्य सहयोगी राजद, कांग्रेस और वामदलों ने अपने संभावित उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिए हैं, लेकिन औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। कई सीट पर दोहरी दावेदारी सामने आई है।

### सहनी महागठबंधन से नाराज आईपी गुप्ता ने नाता तोड़ा

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी भी महागठबंधन से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सहनी को सीटों की संख्या और चयन को लेकर आपत्ति है। वहीं आईपी गुप्ता ने भी गठबंधन से नाता तोड़ लिया है।

### कांग्रेस की पहली सूची में 48 उम्मीदवारों के नाम

#### बथनाहा से नवीन, कोरहा से पूनम, भागलपुर से अजीत को टिकट

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी पहली सूची जारी की है, जिसमें कुल 48 उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस बिहार में राजद, लेफ्ट समेत दलों के साथ चुनावी मैदान में हैं। पहले चरण के लिए 21 उम्मीदवारों और दूसरे चरण के लिए 27 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। कांग्रेस ने भले ही पहली सूची जारी कर दी है, लेकिन महागठबंधन ने अभी तक सीट शेयरिंग का ऐलान नहीं किया है। सूची में कई अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीटों के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इनमें बथनाहा (एससी) से इंजीनियर नवीन कुमार, कोरहा (एससी) से पूनम पासवान और मनीहारी (एसटी) से मनोहर प्रसाद सिंह के नाम शामिल हैं। इसके अलावा, खगड़िया से डॉ. चंदन यादव, भागलपुर से अजीत कुमार शर्मा, और औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह का नाम भी सूची में शामिल हैं।

**तेघड़ा में नामांकन पर हंगामा, पुलिस का लाठीचार्ज!**

नामांकन प्रक्रिया के दौरान बेगूसराय जिले के तेघड़ा में हंगामा मच गया। तेघड़ा अनुमंडल कार्यालय परिसर के बाहर कांग्रेस प्रत्याशी शिवप्रकाश गरीबदास के नामांकन के समय एनडीए प्रत्याशी और बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता भी पहुंच गए। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच नारेबाजी और धक्कामुक्की की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया।

**खेसारी लाल खुद राजद से लड़ेंगे चुनाव**

भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव छपरा सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वे पत्नी चंदा यादव की जगह खुद चुनावी मैदान में उतरेंगे। लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी चंदा देवी को छपरा से टिकट दिया था। वे पत्नी की जगह छपरा से खेसारी खुद राजद के सिंबल से नामांकन करेंगे।

**वीआईपी में घमासान**

### आपस में भिड़े कार्यकर्ता

पटना के मौर्य होटल में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए जुटे पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मौर्य होटल में मुकेश सहनी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए कार्यकर्ता भारी संख्या में जमा हुए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

**महुआ से नहीं मिला टिकट**

### तो फूट फूटकर रोने लगीं आशमा परवीन

महुआ विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद जदयू की प्रदेश महासचिव डॉक्टर आशमा परवीन फूट-फूटकर रोने लगीं। फिर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू के सिंबल पर आशमा परवीन ने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गईं थीं।

**एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में बोला चुनाव आयोग**

## याचिकाकर्ता यहां चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालना चाह रहे



बिहार एसआईआर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि याचिका लगाने वाले लोग चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटर सब जानते हैं और संतुष्ट हैं, लेकिन एडीआर को एनालिटिक्स के लिए सब तुरंत चाहिए। आयोग ने कहा क एक भी अपील नहीं आई है। भूषण ने कहा कि जिनके नाम हटाए गएं हैं, उनकी लिस्ट भी जारी की जानी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। भूषण ने कहा कि उन्हें प्रकाशित करना ही होगा, हम इस मामले को बंद नहीं कर रहे हैं। भूषण ने कहा कि 65 लाख लोगों को हटाने के बाद उन्होंने कुछ और लोगों को हटा दिया है, लेकिन सूची जारी नहीं की है। जस्टिस कांत ने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, अभी तक सूची तैयार नहीं हुई है। भूषण ने कहा कि नियमों के अनुसार इस संबंध में वास्तविक समय में पारदर्शिता जरूरी है। नए नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं।

#### चुनाव आयोग ने 10 दिन का समय मांगा

आयोग ने कहा कि व्यापक स्तर पर दाखिल हलफनामे में इस मुद्दे को संबोधित किया गया है, लेकिन इस पर अलग से जवाब दे देंगे और उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय मांगा है और उन्हें यह समय प्रदान किया गया है। इस मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी।

## देश में 731 कृषि विज्ञान केंद्र हैं, जिनके नेटवर्क का विस्तार करने के साथ छोटे किसानों के हित में मजबूती देना जरूरीः चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन, नई दिल्ली में आज एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों को अधिक सशक्त और परिणामकारी बनाने की रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदके महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि देशभर में वर्तमान में 731 कृषि विज्ञान केंद्र है, जिनके नेटवर्क का विस्तार करने के साथ ही उन्हें छोटे किसानों के हित में मजबूती देना आवश्यक है। शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक पहुंच के लिए देशभर में कार्यरत सबसे प्रमुख माध्यम हैं, इनकी भूमिका तकनीकी प्रसार, प्रशिक्षण एवं कृषि नवाचारों को किसानों तक पहुंचाने में है।

**मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 1994 में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन के फैसलों को लागू किया, पर्दानशीन महिलाओं को लेकर बिहार में सख्ती**

# बिहार चुनावः नकाब, बुर्के के पीछे कौन असली या नकली वोटर, होगी जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच एक अहम फैसला लेते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन द्वारा 1994 में लिए गए निर्णयों को पुनः लागू किया है। यह फैसला खास तौर पर पर्दानशीन महिलाओं के मतदान को लेकर है।

#### शेषन का ऐतिहासिक निर्णय

गौरतलब है कि 1994 में मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टी.एन. शेषन ने देशभर में चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और शुचिता कायम करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए थे। उन्हीं निर्णयों में से एक था, पर्दानशीन महिलाओं की पहचान और मतदान प्रक्रिया को सुनिश्चित करना, ताकि फर्जी मतदान और दबाव में डाले गए वोटों को रोका जा सके।

#### ज्ञानेश कुमार का निर्देश

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में इस बार किसी भी महिला मतदाता को पर्दे या पर्दानशीन व्यवस्था का बहाना बनाकर पहचान सत्यापन से नहीं रोका जा सकेगा। जरूरत पड़ी तो महिला कर्मियों को पूरी पड़ताल करनी होगी। सभी महिला मतदान केंद्रों पर महिला कर्मियों की तैनाती की जाएगी। पर्दानशीन महिलाओं की पहचान महिला बूथ लेवल ऑफिसर या महिला मतदान अधिकारी ही सुनिश्चित करेंगी। किसी भी हालत में बिना पहचान सत्यापन के मतदान नहीं होने दिया जाएगा।

#### फर्जी मतदान पर रोक

ज्ञानेश कुमार ने साफ किया कि पिछली बारों में कई शिकायतें सामने आई थीं कि पर्दानशीन महिलाओं के नाम पर अन्य लोग मतदान कर देते थे। अब इस पर पूरी तरह रोक लगेगी। चुनाव आयोग ने इसे "फ्री एंड फेयर इलेक्शन की दिशा में बड़ा कदम" बताया है।

#### महिलाओं के सम्मान का ध्यान

निर्देश में यह भी कहा गया है कि पहचान सुनिश्चित करते समय महिलाओं की गरिमा और उनकी परंपरा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। महिला मतदान अधिकारी ही उनसे पहचान पत्र देखकर उनकी पहचान मिलाएंगी।

#### विपक्ष और समाजसेवियों की प्रतिक्रिया

चुनाव सुधार के जानकारों ने इस कदम का स्वागत किया और कहा कि इससे महिला मतदाताओं के वोट का असली इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। विपक्षी दलों ने कहा कि अगर इसे ईमानदारी से लागू किया गया तो बिहार की चुनावी तस्वीर बदल सकती है, क्योंकि राज्य में महिला मतदाता बड़ी संख्या में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है की चुनाव आयोग का यह कदम एक बार फिर यह साबित करता है कि टी.एन. शेषन की कठोर और निष्पक्ष कार्यशैली आज भी चुनाव सुधारों की नींव मानी जाती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उन्हीं निर्णयों को पुनर्जीवित कर यह संकेत दिया है कि बिहार में चुनाव पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित होंगे।

**दो दिन में 258 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**

## शाह ने दोहराया, हिंसा छोड़ मूलधारा में लौटना होगा नक्सलियों को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते दो दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई का यह ऐतिहासिक दिन है। गृहमंत्री ने जानकारी दी कि सोमवार को छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने हथियार डाले, जबकि रविवार को 27 नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में और 61 नक्सलियों ने महाराष्ट्र में आत्मसमर्पण किया। इस तरह कुल 258 कुख्यात इनामी नक्सली मुख्यधारा में लौटे हैं।

अमित शाह ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में विश्वास जताया है। उन्होंने कहा, यह प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अथक प्रयासों से नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा है। मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है, जो आत्मसमर्पण करेगा उसका स्वागत है, और जो हथियार उठाएगा उसे हमारी सुरक्षा कर्मियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने अपील की कि जो नक्सली अब भी हथियारबंद हैं, वे भी हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों।

#### अबुझमाड़ और उत्तर बस्तर नक्सलमुक्त घोषित

गृहमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ का अबुझमाड़ और उत्तर बस्तर, जो कभी नक्सली आतंक का गढ़ थे, आज नक्सल आतंक से पूरी तरह मुक्त घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 1785 को गिरफ्तार किया गया और 477 नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने ढेर किया है।

#### 2026 तक नक्सलवाद उखाड़ फेंकने का संकल्प

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दोहराया कि नक्सलियों को अब समझ लेना चाहिए कि हिंसा का रास्ता छोड़कर ही उन्हें सम्मानजनक जीवन मिलेगा।

#### आत्मसमर्पण करने वालों में बड़े नक्सली सरगना भी

सरेंडर करने वालों में 10 शीर्ष नक्सली नेता भी शामिल हैं। इनमें 5 प्रमुख नक्सली नेताओं के विवरण

सतीश उर्फ टी. वासुदेव राव (सीसीएम) जिनके सिर पर 1 करोड़ का इनाम था।
रणिता (एसजेडसीएम, सचिवमाड़ डीवीसी) 25 लाख का इनाम।
भास्कर (डिवीसीएम, पीएल-32) 10-15 लाख का इनाम।
नीला उर्फ नंदे (डीवीसीएम, आईसी और सचिव नेलनार एसी)।
दीपक पाळो (डीवीसीएम, आईसी और सचिव इंद्रावती एसी)।

इनके साथ कई अन्य एसीएम रैंक के नक्सली भी शामिल हैं, जिन पर 5 लाख तक के इनाम थे

#### भारी मात्रा में हथियार भी जमा

सरेंडर के दौरान भारी संख्या में आधुनिक हथियार भी सुरक्षा बलों के हवाले किए गए। इनमें एके-47, इन्सास राइफल, एसएलआर और 303 राइफलें शामिल हैं।

## हाथी गणना रिपोर्ट जारी : संकट में है 'राष्ट्रीय धरोहर पशु': जयराम

नई दिल्ली ▶▶ संवाददाता

काफी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार हाथियों की गणना रिपोर्ट जारी कर दी गई है। इस गणना में उपयोग किए नए तरीकों और तकनीकों के कारण परिणामों की तुलना पिछली गणनाओं से सीधे तौर पर संभव नहीं है। इसके बावजूद, यह आशंका गहरी होती जा रही है कि बीते एक दशक में हाथियों की संख्या में गिरावट आई है। नई गणना के अनुसार वर्तमान में देश में हाथियों की संख्या 18 हज़ार 255 से 26 हज़ार 645 के बीच आंकी गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने इस रिपोर्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि हाथी भले ही विलुप्त होने के कगार पर न हों, लेकिन वे 'क्रमिक ह्रास' के गंभीर संकट से गुजर रहे हैं।

#### हाथियों के अस्तित्व पर मंडराते खतरे

रमेश के अनुसार हाथियों के सामने सबसे बड़ा संकट जमीन के उपयोग में बदलाव, पारंपरिक आवास क्षेत्रों का नुकसान, और हाथियों के प्राकृतिक मार्ग व कॉरिडोर का विखंडन है। खनन और अवसंरचना परियोजनाओं का दबाव, विदेशी/आक्रामक पौधों की प्रजातियां तथा मानव-हाथी संघर्ष भी इन पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तीन वर्ष पूर्व संसद में पारित किए गए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में संशोधन से स्थिति और खराब हुई है। रमेश ने संसद में इस संशोधन का कड़ा विरोध भी किया था।

**राष्ट्रीय धरोहर पशु है हाथीः** गौरतलब है कि 22 अक्टूबर 2010 को हाथी को भारत का 'राष्ट्रीय धरोहर पशु' घोषित किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक परंपराओं में हाथियों की अद्वितीय स्थिति को मान्यता देना था। जयराम रमेश ने कहा, हाथी केवल वन्यजीव नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। इसकी रक्षा और संरक्षण हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। 'हाथी हमारा साथी' सिर्फ नारा नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए।

**दुबे के चुनावी हलफनामों और उनकी पत्नी के आयकर रिटर्न का दिया हवाला**

पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने दंपती से स्पष्टीकरण मांगा

# कांग्रेस ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति में भारी वृद्धि पर सवाल उठाए, इसके साथ ही जांच की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति में पिछले 15 वर्षों के दौरान हुई भारी वृद्धि पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने दुबे के चुनावी हलफनामों और उनकी पत्नी अनामिका गौतम के आयकर रिटर्न का हवाला देते हुए कहा कि 2009 में जहां उनकी संपत्ति 50 लाख रुपए थी, वहीं 2024 में यह आश्चर्यजनक रूप बढ़कर 31.32 करोड़ रुपए हो गई।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी प्रवक्ता और सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने दुबे दंपती से स्पष्टीकरण मांगते हुए मामले की गहन जांच की मांग की। निशिकांत दुबे द्वारा 2009 से 2024 के बीच दाखिल किए गए अपने चुनावी हलफनामों का हवाला देते वर्ष 2009 में पत्नी अनामिका गौतम के पास 50 लाख रुपये की चल संपत्ति का जिक्र किया था, जबकि उनके नाम कोई अचल संपत्ति नहीं थी। 2014 के चुनावी हलफनामे में दुबे ने अपनी पत्नी की 1.03 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 5.53 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति का उल्लेख किया था। 2019 में उनकी चल संपत्ति बढ़कर 3.72 करोड़ रुपए और उनकी अचल संपत्ति बढ़कर 9.33 करोड़ रुपए हो गई। 2024 में उनकी चल और अचल संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपए था, जिसमें से 8 करोड़ रुपए विभिन्न लोगों से लिए गए ऋण के रूप में थे। इस ऋण की राशि को घटाकर उनकी संपत्ति 31.32 करोड़ रुपए दर्शाई गई है। कांग्रेस नेता ने बताया कि 2013-14 में निशिकांत दुबे की पत्नी अनामिका गौतम की वार्षिक आय करीब चार लाख रुपए थी, जो 2017-18 में 54 गुना बढ़कर 2.16 करोड़ रुपए हो गई। इसके बाद जब उनकी संपत्ति 31.32 करोड़ रुपए हुई, तब उनकी आय 2.63 करोड़ रुपए थी। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाते हुए कहा कि आय और संपत्ति में कहीं तालमेल नहीं है। श्रीनेत ने 2024 के हलफनामे में दर्शाए गए आठ करोड़ 28 लाख के लोन पर भी सवाल उठाए, जो चार अलग-अलग लोगों से लिया गया। उन्होंने संदेह जताया कि यह असुरक्षित ऋण हो सकता है, जो बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे लिया गया है। साथ ही श्रीनेत ने कहा कि दुबे ने दावा किया था कि अभिषेक झा ने उन्हें एक करोड़ रुपए उधार दिए थे जबकि झा ने किसी भी तरह का कोई ऋण देने से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि झा ने संसदीय चुनाव में दुबे के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव भी लड़ा था। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह भ्रष्टाचार का एक स्पष्ट मामला है, क्योंकि आय से अधिक संपत्ति अर्जित की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री और भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं पर झूठे और निराधार आरोप लगाए जाते हैं, जबकि भाजपा अपने नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। ये मोदी सरकार के भ्रष्टाचार मिटाने के खोखले दावों को बेनकाब करता है।



लोकपाल के कामकाज में पारदर्शिता की मांग करते हुए श्रीनेत ने बताया कि 24 मई 2025 को लोकपाल में दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। 24 जुलाई को लोकपाल की पूरी बेंच ने उन्हें चार सप्ताह में जवाब देने का आदेश दिया था। लेकिन अभी तक यह पता नहीं चला है कि दुबे ने कोई जवाब दिया है या नहीं और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है?

## गड्ढों से मौत पर सरकार को देना होगा 6 लाख मुआवजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सड़कों पर गड्ढों से होने वाले हादसों को लेकर कहा है कि अगर किसी व्यक्ति की मौत सड़क के गड्ढे की वजह से होती है, तो सरकार को उसके परिवार को 6 लाख का मुआवजा देना होगा।घायल लोगों को उनकी चोट के हिसाब से 50,000 से 2.5 लाख तक का मुआवजा दिया जाएगा। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकार को दावा दर्ज होने के 6-8 हफ्तों के भीतर मुआवजा देना होगा। अगर इसमें देरी होती है, तो मुंबई महानगरपालिका , जिला कलेक्टर, सभी एजेंसियां और बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट जैसी एजेंसियों जिम्मेदार होंगी।

# चार सरकारी बैंकों का एसबीआई और पीएनबी में होगा विलय

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत का बैंकिंग क्षेत्र एक और बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार पब्लिक सेक्टर के बैंकों (पीएसबी) के बीच नए मेगा मर्जर पर काम कर रही है, जिसके तहत छोटे सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मिलाने की योजना है।

- **आईओबी, सीबीआई, बीओआई और बीओएम का होगा विलय**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई), बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) और बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) जैसे बड़े बैंकों के साथ विलय करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## सरकार की छोटे सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मिलाने की योजना

### 'रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन' क्या है?

'रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन' एक आंतरिक सरकारी दस्तावेज होता है, जिसमें बैठक के दौरान हुई प्रमुख चर्चाओं और सहमतियों को दर्ज किया जाता है। इसी दस्तावेज के आधार पर आगे की नीतिगत स्वीकृतियां और कैबिनेट स्तर पर निर्णय लिए जाते हैं। इस प्रस्ताव को पहले वरिष्ठ अधिकारियों के बीच चर्चा के लिए कैबिनेट स्तर पर रखा जाएगा और उसके बाद इसे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में विचार के लिए भेजा जाएगा।







*इलाहाबाद का विलय इंडियन बैंक में हुआ : ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का विलय पंजाब नेशनल बैंक में हुआ। वहीं सिंडिकेट बैंक का विलय केनरा बैंक में, देना बैंक और विजया बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा में, इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में, आंध्रा बैंक और कॉरपोरेशन बैंक का विलय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हुआ।*

### पहले इन बैंकों का हो चुका है मर्जर

इससे पहले साल 2017 से 2020 के बीच सरकार ने पब्लिक सेक्टर के 10 बैंकों का 4 बड़े बैंकों में विलय किया था। इसके बाद सरकारी बैंकों की संख्या घटकर 12 हो गई। 2017 में यह 27 थी। 2017 से 2020 के दौरान सरकार के प्लान के तहत स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर और भारतीय महिला बैंक का विलय भारतीय स्टेट बैंक में हुआ।

### योजना पर वित्त वर्ष 2026-27 के कैबिनेट में होगी चर्चा

सरकारी अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट में बताया है कि इस योजना पर वित्त वर्ष 2026-27 में कैबिनेट और पीएमओ स्तर पर चर्चा की जाएगी। प्रस्ताव को पहले 'रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन' के रूप में रखा जाएगा, जो आगे के निर्णयों का आधार बनेगा। बता दें कि यह कदम सरकार के उस दीर्घकालिक लक्ष्य का हिस्सा है जिसके तहत मजबूत, बड़े और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सरकारी बैंक तैयार किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### इंडियन बैंक के लाभ में 11.5 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का 2025-26 की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 11.53 प्रतिशत बढ़कर 3,018 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने 2024-25 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में 2,706 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आय बढ़कर 11,964 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,125 करोड़ रुपये थी।

### विप्रो के शुद्ध लाभ में मामूली बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली बढ़कर 3,246.2 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,208.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### रुपया 21 पैसे बढ़कर 87.87 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले 21 पैसे बढ़कर 87.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने और निवेशकों में जोखिम की भावना के फिर से उभरने से यह तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक ने निवेशकों को और उत्साहित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 88 के स्तर से नीचे 87.76 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.68 प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर को छू गया।

## सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर

# दिवाली से पहले सोने में उछाल; आभूषण के बजाय छड़, सिक्के खरीद रहे हैं ग्राहक

एजेंसी ▸▸| मुंबई

व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिवाली और शादी के मौसम से पहले सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर हैं, लेकिन इससे उपभोक्ता मांग में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि, कई लोग आभूषणों की बजाय 'ठोस सराफा' को तरजीह दे रहे हैं। एमसीएक्स में दिन में सोने की कीमत 1,28,395 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।

मुंबई के प्रसिद्ध झावेरी बाजार में उम्मेदलाल तिलोकचंद झावेरी ज्वेलर्स के मालिक वृषांक जैन ने कहा, 'सोने की कीमतें हर दिन बढ़ रही हैं और लोग इस पर नज़र रख रहे हैं और निवेश के लिए आ रहे हैं। आभूषणों की मांग धीमी हुई है, लेकिन लोग सोने की छड़ें और सिक्के खरीद रहे हैं। इस त्योहारी मौसम और शादी के मौसम से पहले हम सोने और चांदी की छड़ों की काफी मांग देख रहे हैं।'

### सराफा में और तेजी की उम्मीद

झावेरी ने बताया, 'कई खरीदार अग्रिम बुकिंग या सोने के सिक्के खरीदकर मौजूदा कीमतों पर ही खरीदारी कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें आने वाले दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में और तेज़ी आने की उम्मीद है।' जैन ने कहा कि उपभोक्ता अक्सर सोने को एक दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखते हैं और भारत में इसका गहरा सांस्कृतिक महत्व भी है क्योंकि धनतेरस जैसे त्योहारों और शादियों जैसे अवसरों पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

## उच्च कीमतों से उपभोक्ता मांग में कोई कमी नहीं आई

### भविष्य के लिए एक अच्छा निवेश

झावेरी बाज़ार की एक अन्य ग्राहक शर्मिला ने कहा कि वह हर साल सोना खरीदती हैं। उन्होंने कहा, ''कीमतों में उछाल के बावजूद, मैं इस बार भी सोना खरीदूंगी, शायद थोड़ी कम मात्रा में... मैं अपने बच्चों को शुभ अवसरों पर सोना खरीदने की परंपरा और यह कैसे भविष्य के लिए एक निवेश है, इसके बारे में भी सिखाना चाहती हूँ।



### तनाव ने कीमतों में उछाल ला दिया

भारतीय सराफा आभूषण संघ के प्रवक्ता कुमार जैन ने 'ठोस सर्राफा' खरीदने के चलन की पुष्टि की। उन्होंने आगे कहा, ''शादियों के लिए लोग अपने पुराने सोने को पुनचक्रण करवाने आ रहे हैं और मांग में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिकी व्यापार युद्ध, स्टाम्प शुल्क में वृद्धि, यूक्रेन-रूस और पश्चिम एशिया के बीच तनाव... इन सबने सोने की कीमतों में उछाल ला दिया है।''

### सोना रिकॉर्ड स्तर से फिसला चांदी 2,000 रुपये मजबूत

*कारोबारियों की मुनाफावसूली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले कारोबार में 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।*

### सोने में 200 रुपये की गिरावट

स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये घटकर 1,31,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। इससे पहले यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 1,31,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चांदी की कीमतों में 2,000 रुपये की तेजी आई और यह अपने रिकॉर्ड स्तर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के करीब पहुंच गई। मंगलवार को इसने 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड छुआ था।

### नेस्ले दो साल में 16,000 नौकरियों की करेगी कटौती

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज खाद्य उत्पाद कंपनी नेस्ले ने अपना वित्तीय प्रदर्शन सुधारने के इरादे से अगले दो साल में वैश्विक स्तर पर 16,000 नौकरियों में कटौती करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। नेसकैफे और प्यूरिना जैसे ब्रांड के लिए मशहूर स्विस कंपनी नेस्ले ने बयान में कहा कि वह करीब 16,000 कर्मचारियों की छंटनी को अगले दो साल के भीतर अंजाम देगी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धरमपाल** पताः **16/1468, बापा नगर, करोल बाग, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 524095/2016 U/s 156(3) CrPC, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धरमपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धरमपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 524095/2016 U/s 156(3) CrPC, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धरमपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री करणवीर सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
केन्द्रीय, रूम नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13559/CD/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजवीर पुत्रः मुनेश कुमार पताः ए–318/7, गली नं. 7, प्रताप नगर, सबोली मंडोली, दिल्ली** ने case **FIR No. 21/2022 U/s 188 IPC, थानाः फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 21/2022 U/s 188 IPC, थानाः फर्श बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
रूम नं. 38, भूतल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13815/SHD/2025 (Court Matter)


### इस धनतेरस, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कियारा आडवाणी के साथ लांच किया 'शगुन कलेक्शन'

**मुंबई (हरिभूमि न्यूज)।** इस धनतेरस, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया शगुन कलेक्शन पीले सोने, हीरे, एंटीक और पोल्की में बारीकी से तैयार किया गया गहनों का एक शानदार संग्रह, जो त्योहारों के उत्सव में एक विशेष अर्थ जोड़ता है। इस सिग्नेचर रेंज के साथ हर अवसर के लिए अलग-अलग कलेक्शन भी हैं एवरलाइट का ट्रेंडी लोटस कलेक्शन, गॉसिप सिल्वर और फैशन ज्वेलरी का समकालीन तत्वा कलेक्शन, पुरुषों के लिए अहम कलेक्शन, और परफेक्ट लव कलेक्शन से हार्ट्स एंड एरो कट डायमंड ज्वेलरी। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कियारा आडवाणी के साथ एक मनमोहक कैम्पेन के ज़रिए त्योहारों की चमक को जीवंत किया है। यह कैम्पेन साथ रहने की काव्यमय अनुभूति को प्रस्तुत करता है जहाँ सोने की हर चमक प्रेम की उजास को प्रतिबिंबित करती है, और सेनको के हर गहने में यादों की मिठास बस जाती है। दिवाली और धनतेरस की जगमग रोशनी के बीच, यह कहानी परिवार और अपनों के बीच साझा किए गए आत्मीय पलों को सजीव करती है पति का सरप्राइज़, मां-बेटी की परंपरा, दादी का दीया जलाने का रिवाज़।



## निफ्टी 25,600 अंक के करीब

# वैश्विक बाजारों में तेजी से सेंसेक्स 862 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 862 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,585 अंक के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से भी तेजी को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 862.23 अंक यानी 1.04 प्रतिशत चढ़कर 83,467.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,010.05 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 261.75 अंक यानी 1.03 प्रतिशत बढ़कर 25,585.30 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे ज्यादा 2.67 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल और इन्फोसिस नुकसान में रहीं।

''भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बढ़त जारी रही। सेंसेक्स लगभग 900 अंक चढ़ा और निफ्टी चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

**ग्रो ने जिंस कारोबार सेवाएं शुरू कीः** नई दिल्ली। शेयर ब्रोकर ग्रो ने अपने मंच पर जिंस कारोबार शुरू किया। कंपनी अपनी संपत्ति और पूंजी बाजार पेशकशों में विविधता ला रही है और यह कदम उसी का हिस्सा है। ग्रो के सक्रिय ट्रेडिंग खातों वाले ग्राहक एमसीएक्स के माध्यम से कच्चा तेल, सोना, चांदी और प्राकृतिक गैस जैसी जिंसों में कारोबार कर सकते हैं।


**PUBLIC NOTICE**

To be returned to this High Court
DUE ON-19/11/2025
G.RH.D. No.4398, dated 3-7-16]
Courts order date 24/09/2025
IN THE HIGH COURT OF JUDIGATURE OF BOMBAY BENCH AT AURANGABAD
FIRST APPEAL NO. 3757 OF 2016
FROM ORIGINAL DECREE
M.AC.P No. 80/2012 Passed by Member, Motor Accident Claims Tribunal, Aurangabad.

Rukhmanbai Wd/o Sitaram More and another .....Appellant/s
V/S
Nasar Khan S/o Munshi Khan and ors ....Respondent/s

To, R No. 2) Rustum Khan s/o Isak Khan Age - Major, Occup : Business, R/o. Mllage Dond Kalan, Ward No. 1, Firozpur, Zahrika Mewat, Disuict- Mewat (Haryana State) residing at the aforesaid place

Take notice that a First Appeal from the decree of MAC.P No. 80/2012 1bssed by Member, Motor Accident Claims Tribunal, Aurangabad, has been presented by the aforesaid appellant and registered in this Court and it is ordered by this Court that the hearing of the said appeal will take place on 19th day of Novembel, 2025. If no appearance is made on your behalf by yourself, your Advocate or by someone by law authorized to act for you in this First Appeal it will be heard and decided ex-parte in your absence. Witness Stui.Jusdce Shree. Chandrashekhar, Chief Justice at Bombay aforesaid.

This 24th day of September, 2025.

By the Court,
For Deputy Registrar
SEAL This 24th day of September, 2025.

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **06.11.2025 समय 17:30 तक** ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम निविदा क्र./निविदा सूचना क्र. एवं दिनांक | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार की मल्लीन नाला पर घुलघुल स्टापडेम का निर्माण कार्य। | 177577/ 03/ वलेलि /2025-26 दि.14.10.2025 | 288.91 लाख |
| 2 | बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड कसडोल की मटिया नाला में स्टापडेम का निर्माण कार्य। | 177578/ 04/वलेलि /2025-26 दि. 14.10.2025 | 280.23 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.10.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, कसडोल कृते
मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-252604239/5

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | अमृत कॉलोनी वार्ड नं. 21, एम.सी. रोहतक में राम बहादुर मिस्त्री के मकान से जगदीश के मकान तक और सतबीर एएसआई के मकान से राम अवतार के मकान और मुकेश रोहिल्ला के मकान तक सी.सी. और आजाद सिंह के मकान से सुरेश के मकान तक आईपीबी टाइल्स गली का निर्माण + 8 कार्य। | 15.10.2025 23.10.2025 | रु. 185.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 6, एम.सी. रोहतक में राधे-राधे पार्क का सौन्दर्यीकरण और अपग्रेडेशन + 4 कार्य। | 15.10.2025 23.10.2025 | रु. 54.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39540/1/88/7 दि. 16.10.25


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष:** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक:** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6021



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6020 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित-विराट ध्वस्त कर सकते हैं कई रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज खेलनी है। तीन मैचों की आगामी सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा भी खेलते हुए नजर आएंगे। कोहली लगभग 6 महीने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने वाले हैं और ऐसे में कोहली के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में कुछ अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं।

### सर्वाधिक रन वाले भारतीय बन सकते हैं कोहली

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अब तक कुल 29 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 51.03 की औसत और 89.06 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,327 रन बनाए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर ने 46 पारियों में 1,491 रन और रोहित शर्मा ने 29 पारियों में 1,328 रन बनाए हैं। वह तेंदुलकर और रोहित को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

### रनों के मामले में संगाकारा को पीछे छोड़ सकते हैं कोहली

कोहली ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में अब तक 302 मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइकर रेट के साथ 1,4181 रन बनाए हैं। कोहली विश्व क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन वनडे बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे ज्यादा रन सिर्फ तेंदुलकर (18,426) और कुमार संगाकारा (14,234) ने ही बनाए हुए हैं। वह 54 रन और बनाते ही संगाकारा को पीछे छोड़ देंगे और दूसरे सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2,500 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

कोहली को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 50 वनडे में 54.46 की औसत के साथ 2,451 रन बनाए हैं। इस बीच उनकी स्ट्राइक रेट 93.69 की रही है। वह इस टीम के विरुद्ध 2,500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बता दें कि अब तक सिर्फ तेंदुलकर (3,077) ही ऐसा कर चुके हैं। वहीं, रोहित (2,407) भी 2,500 रन पूरे कर सकते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक शतक

कोहली ऑस्ट्रेलिया में संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 133* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 5 शतक जड़े हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित ने भी 5 ही शतक लगाए हैं। ऐसे में कोहली के पास रोहित से आगे निकलने का मौका होगा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने ऑस्ट्रेलिया में 3 शतक लगाए थे।



## रोहित का बल्ला चला तो तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को टेस्ट सीरीज में 2-0 से शिकस्त देने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी। 19 अक्टूबर से भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेगी। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इस सीरीज में शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलते हुए नजर आएंगे। रोहित आगामी सीरीज में कुछ अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उन पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक वनडे रन वाले भारतीय

रोहित ऑस्ट्रेलिया में दूसरे सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 30 वनडे खेले हैं, इसकी इतनी ही पारियों में 53.12 की औसत और 90.58 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,328 रन बनाए हैं। बता दें कि सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया में 46 पारियों में 1,491 रन बनाए थे। इस सूची में विराट कोहली 1,327 रन के साथ तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऐसे में रोहित के पास तेंदुलकर को पीछे छोड़ने का मौका होगा।

### गांगुली से ज्यादा रन बनाने के करीब हैं रोहित

रोहित ने साल 2007 में वनडे अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था। डेढ़ दशक से लम्बे अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने अब तक 273 वनडे खेल लिए हैं, जिसमें लगभग 49 की औसत 11,168 रन बना लिए हैं। वह सौरव गांगुली (11,221) को पीछे छोड़ने के करीब हैं। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो तेंदुलकर (18,426) और कोहली (14,181) के बाद तीसरे सर्वाधिक वनडे रन वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। टेस्ट और टी-20 प्रारूप से संन्यास ले चुके रोहित ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक 499 मैच खेले हैं, जिसमें 42.18 की औसत के साथ 19,700 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 264 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 49 शतक लगाए हैं। वह 300 रन और बनाते ही 20,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लेंगे। बता दें कि अब तक तेंदुलकर, कोहली और राहुल द्रविड़ ही ये आंकड़ा छूने वाले भारतीय हैं।

---

## खबर संक्षेप



### वीजा में देरी के कारण सुपर कप से हटा रीयल कश्मीर एफसी

**नई दिल्ली।** आई लीग टीम रीयल कश्मीर एफसी ने अपने विदेशी खिलाड़ियों के लिए वीजा मिलने में देरी के कारण आगामी सुपर कप फुटबॉल प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया है। क्लब ने जानकारी दी कि इस तरह 25 अक्टूबर से गोवा में शुरू होने वाले सुपर कप के लिए रीयल कश्मीर की जगह डेम्पो एफसी ने ले ली है। श्रीनगर स्थित इस टीम को मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और चेन्नईयिन एफसी के साथ 'ग्रुप ऑफ डेथ' में रखा गया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ट्वीट किया, ''रीयल कश्मीर एफसी ने एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 से नाम वापस ले लिया है क्योंकि उनके विदेशी खिलाड़ियों के लिए वीजा नहीं मिल पाए। अब उनकी जगह डेम्पो एससी लेगा।

### बॉक्सिंगबे मुक्केबाजी स्पर्धा की होगी लाइव स्ट्रीम

**नई दिल्ली।** बॉक्सिंगबे मुक्केबाजी प्रतियोगिता का दिसंबर में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप ऐप पर वैश्विक स्तर पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। यह भारत में होने वाली पहली मुक्केबाजी प्रतियोगिता होगी जिसकी लाइव स्ट्रीम की जाएगी। भारतीय मुक्केबाजी परिषद (आईबीसी) ने गुरुवार को यह घोषणा की। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार यूएफसी ऐप पर लाइव स्ट्रीम होने वाली पहली श्रृंखला की प्रतियोगिताओं में पांच दिसंबर को एंथनी पेटिस फाइटिंग चैम्पियनशिप इंडिया वन और 21 दिसंबर को होने वाली बॉक्सिंगबे4 शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हैदराबाद, बेंगलुरु और विशाखापत्तनम में किया जाएगा।



### सुपर जायंट्स के साथ जुड़े केन विलियमसन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। 35 वर्षीय विलियमसन, जहीर खान की जगह लेंगे, जो 2024 सीजन में टीम के मेंटर थे। गौरतलब है कि विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है, लेकिन फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से हटने का फैसला किया है। गोयनका ने की घोषणा एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने विलियमसन की रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए इसकी घोषणा की। गोयनका ने कहा, केन सुपर जायंट्स परिवार का हिस्सा रहे हैं और एलएसजी के रणनीतिक सलाहकार के रूप में उनकी नई भूमिका में उनका स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

---

### ऑस्ट्रेलिया में भारत ने 2019 में जीती थी वनडे सीरीज

# गिल की कप्तानी में भारत-ऑस्ट्रेलिया की वनडे में 19 को भिड़ंत, एक-दूसरे से कम नहीं दोनों टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज शुरू होगी। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विरुद्ध टेस्ट सीरीज को 2-0 से जीता था।

अब गिल के ही नेतृत्व में भारतीय टीम कंगारू टीम के खिलाफ चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। इस बीच वनडे प्रारूप में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अभी तक कुल 152 वनडे खेले गए हैं। इनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 84 जबकि भारत ने 58 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। इस दौरान 10 मैच बेनतीजा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों की बात करें तो मेजबान टीम के खिलाफ 54 मैचों में से भारत ने 14 ही जीते हैं और 38 में उसे हार मिली है। इस बीच 2 वनडे बेनतीजा रहे हैं।



### पर्थ में अभ्यास के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

पर्थ। सीनियर स्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा ने यहां पहुंचते ही जमकर अभ्यास किया और रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान नेट्स पर काफी पसीना बहाया। सभी की निगाहें रोहित और कोहली पर हैं जो पिछली बार भारत के लिए फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खेले थे और अब केवल 50 ओवर के प्रारूप में ही उपलब्ध हैं।

### दोनों पूर्व कप्तानों ने की बल्लेबाजी

दोनों पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट्स में करीब 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। रोहित को नेट्स में समय बिताने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते भी देखा गया। भारतीय टीम 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैच के सीमित ओवरों के दौरे के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को दो समूहों में यहां पहुंची।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इन भारतीय खिलाड़ियों ने किया है कमाल

मौजूदा भारतीय टीम में विराट कोहली ने इस टीम के खिलाफ 50 वनडे में 54.46 की औसत के साथ 2,451 रन बनाए हैं। इस बीच उनकी स्ट्राइक रेट 93.69 की रही है। रोहित शर्मा ने 40 वनडे मैचों में 61.33 के औसत से 2,407 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक (209) भी शामिल है। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने 5.23 की इकॉनमी रेट से 39 विकेट लिए हैं। कुलदीप यादव ने 23 मैचों में 31 विकेट चटकाए हैं।

### इन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का रहा है उम्दा प्रदर्शन

ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ 10 पारियों में 42.66 की औसत और 103.22 की स्ट्राइक रेट से 384 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 1 ही अर्धशतक लगाया है। मिचेल मार्श ने 11 पारियों में 59.12 की औसत से 473 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक शामिल हैं। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क ने 19 मैचों में 32.66 की औसत से 30 विकेट लिए हैं। जोश हेजलवुड ने 11 वनडे में 17 विकेट लिए हैं।

---

### क्रिकेट

## अभिषेक, स्मृति ने जीते आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सितंबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए हैं। उन्होंने अपने साथ खिलाड़ी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के ब्रायन बेनेट को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। अभिषेक के लिए पिछला महीना बेहद शानदार बीता था। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने थे। दूसरी तरफ महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने ये पुरस्कार जीता है।

### अभिषेक ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

एशिया कप 2025 में अभिषेक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 7 पारियों में 44.8 की औसत और 200 की स्ट्राइक रेट के साथ 314 रन बनाए थे। इस युवा बल्लेबाज ने 3 अर्धशतक भी लगाए। उनका सर्वोच्च स्कोर 75 रन रहा। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 300 रन का आंकड़ा नहीं छू सका था। उनके बाद श्रीलंका के पथुम निसानका ने 6 पारियों में 43.50 की औसत से 261 रन बनाए थे।

### कुलदीप व ब्रायन का सितंबर में प्रदर्शन

कुलदीप ने एशिया कप 2025 में कमाल का प्रदर्शन किया था। इस चाइनामैन गेंदबाज ने 7 मैचों में 9.29 की उम्दा औसत के साथ 17 विकेट अपने नाम किए थे। इस बीच उन्होंने 2 बार 4 विकेट हॉल भी लिए थे। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितंबर में शानदार फॉर्म में रहे थे। उन्होंने 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए थे।

### स्मृति ने ठोके 308 रन, जीता पुरस्कार

भारत की उपकप्तान मंधाना ने पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। सितंबर में मंधाना ने 4 वनडे मैचों में 77 की औसत और 135.68 की स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए थे।

---

### अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल

## अर्जेंटीना और मोरक्को में होगा खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▶▶| सैंटियागो

अर्जेंटीना ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद आठवीं बार अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना मोरक्को से होगा। अर्जेंटीना को सेमीफाइनल में कोलंबिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रहा। माटेओ सिल्वेट्टी ने 72वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। मोरक्को ने एक अन्य सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को 5-4 से हराकर पहली बार अंडर-20 विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर था।

### फॉस्टिनो, जोस, नारवा बने जीसीएल कंटेंडर्स चैंपियन



**मुंबई।** अर्जेंटीना के 12 वर्षीय खिलाड़ी फॉस्टिनो ओरो ने यहां जीसीएल कंटेंडर्स नॉकआउट चैलेंजर्स राउंड में प्रोडिजी अंडर 21 श्रेणी का खिताब जीता जबकि ग्रैंडमास्टर जोस मार्टिनेज और महिला ग्रैंडमास्टर माई नारवा क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के चैंपियन बने। यह तीनों खिलाड़ी अब ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के दौरान आधिकारिक दूत के रूप में काम करेंगे। इस स्पर्धा को टेक महिंद्रा और विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के संयुक्त प्रयास से 13 से 24 दिसंबर, 2025 तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

### नारवा ने हराया यूलिया को

शतरंज के मेसी के नाम से मशहूर ओरो ने एक रोमांचक फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद को हराया, जबकि ग्रैंडमास्टर जोस मार्टिनेज ने अमेरिका के ब्लिट्ज विशेषज्ञ एंड्रयू टैंग को पराजित किया। एस्टोनिया की नारवा ने यूक्रेन की महिला ग्रैंडमास्टर यूलिया ओसमक को हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता।

---

## मौसम मेहरबान रहा तो एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने श्रीलंका-दक्षिण अफ्रीका तैयार

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अगर मौसम मेहरबान रहा तो श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आज शुक्रवार को यहां महिला एकदिवसीय विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। आर प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले दो मैच बारिश के कारण रद्द करने पड़े और शुक्रवार को भी बारिश और आंधी आने का अनुमान है। अगर बारिश नहीं आती है और यह मैच खेला जाता है तो श्रीलंका टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना चाहेगा। श्रीलंका ने दो मैच रद्द होने के कारण अभी तक दो अंक हासिल किए हैं और वह चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा।

### महिला वनडे वर्ल्ड कप : मुकाबला आज कोलंबो में



### श्रीलंका को अपना दबदबा बनाए रखना होगा

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बारिश ने जीत हासिल करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। उस मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू और नीलक्षिका सिल्वा ने अर्धशतक जमाए थे। श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत और बांग्लादेश को करीबी मैचों में हराया था। उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी होगी।

## ओलंपिक चैंपियन तैराक एरियन टिटमस ने लिया संन्यास

ब्रिस्बेन। ओलंपिक चैंपियन एरियार्न टिटमस ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा की है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई खेल प्रशंसक हैरान हैं।



ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 25 वर्षीय टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ब्रेक ले लिया था। उम्मीद की जा रही थी 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए वह जल्दी ही प्रतिस्पर्धी तैराकी में वापसी करेंगी।

**टिटमस ने अपने नाम किए हैं कई रिकॉर्ड :** पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में टिटमस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पीछे छोड़कर नए विश्व रिकॉर्ड के साथ अपना खिताब बरकरार रखा था। टिटमस के नाम पर 200 मीटर फ्रीस्टाइल का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है। उनके नाम पर 33 अंतरराष्ट्रीय पदक दर्ज हैं जिनमें ओलंपिक में चार स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य तथा चार विश्व खिताब भी शामिल हैं।

---

### वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में एक स्थान खिसकी टीम इंडिया

# पाकिस्तान की जीत से भारत को हुआ नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 93 रन से हराया। लाहौर टेस्ट में जीत के लिए मिले 277 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम अपनी दूसरी पारी में 183 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में फायदा पहुंचा है। पाकिस्तान की जीत के बाद भारतीय टीम को 1 पायदान का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तान दूसरे स्थान पर

डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में यह पाकिस्तान का पहला ही मैच था, जिसमें उन्हें जीत मिली है। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान डब्ल्यूटीसी 2025-2027 में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस चक्र में पाकिस्तान से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम मौजूद है। बता दें कि कंगारू टीम ने इस चक्र में अब तक तीनों मैच जीते हैं। तीसरे पायदान पर श्रीलंका क्रिकेट टीम मौजूद है, जिसने 1 मैच जीता है और 1 मैच ड्रॉ रहा है।



### चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

भारतीय टीम ने इस चक्र में अब तक कुल 7 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 में जीत दर्ज की है और सिर्फ 2 में हार झेली है। इसके अलावा 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारतीय टीम फिलहाल 61.90 प्रतिशत अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है। पाकिस्तान की जीत के बाद भारतीय टीम को 1 पायदान का नुकसान हुआ है। भारत को अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है।

### इस तरह से जीती पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 378 रन बनाए थे। मेजबान टीम से इमाम उल हक और आघा सलमान ने 93-93 रन की पारियां खेली। इसके जवाब में प्रोटियाज टीम की पारी टोनी डी जोरजी के शतक (104) की मदद से 269 रन पर सिमट गई। बढ़त हासिल करने वाली पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 167 रन पर ढेर हुई। शाहीन (4/33) और नोमान (4/79) की घातक गेंदबाजी के चलते दक्षिण अफ्रीकी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### द.अफ्रीका ने नहीं खोला जीत का खाता

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 1 भी जीत दर्ज नहीं की है। कैरेबियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी 2025-2027 में अब तक अपने सभी पांचों मैच हारे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपना इकलौता मैच हारा है। छठे स्थान पर मौजूद बांग्लादेश ने इस चक्र में अब तक 2 मैच खेले हैं, जिसमें से 1 मैच हारा है और 1 मैच ड्रॉ रहा है। पांचवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के 43.33 प्रतिशत अंक हैं।





## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया हादसे की हो पारदर्शी न्यायिक जांच



**नई दिल्ली।** जून में हादसे का शिकार हुए एयर इंडिया विमान के पायलट इन कमांड दिवंगत कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता पुष्करराज ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर हादसे की निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रुप से सुदृढ़ जांच की मांग की है। सभरवाल एयर इंडिया की दुर्घटना में पायलट-इन-कमांड थे। उनके पिता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और मांग की है कि बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की दुर्घटना की सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ जांच करवाई जाए।

### यमन में निमिषा प्रिया की मौत की सजा टली



**नई दिल्ली।** केरल की नर्स निमिषा प्रिया, जो यमन में मौत की सजा का सामना कर रही थीं, उनकी सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को ये जानकारी दी है। निमिषा प्रिया को कानूनी मदद देने वाले संगठन 'सेव निमिशा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' के वकील ने बताया कि फिलहाल सजा पर रोक लगा दी गई है। इस वजह से संगठन ने कोर्ट से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी। अगर जरूरत पड़ी तो पार्टियां जल्दी सुनवाई के लिए आवेदन करें।

### मलेशिया में फ्लू से 6000 बच्चे संक्रमित



**नई दिल्ली।** बीते एक महीने से जापान 'देशव्यापी फ्लू महामारी' का प्रकोप झेल रहा है। मलेशिया केशिक्षा महानिदेशक मोहम्मद आजम अहमद ने बताया कि देश में लगभग 6,000 छात्र इन्फ्लूएंजा से संक्रमित हो गए हैं। बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि  हमने स्कूलों को इन दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए याद दिलाया है, छात्रों को फेस मास्क पहनने के लिए कहा गया है और बड़े समूहों में होने वाली गतिविधियों को कम करने के लिए कहा है।

### अवैध लौह अयस्क निर्यात मामले में ईडी के छापे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक और हरियाणा में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी कर्नाटक के बेलेकेरी बंदरगाह के माध्यम से कथित अवैध लौह अयस्क निर्यात से संबंधित धनशोधन जांच के तहत की गई। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बेंगलुरू और होसपेट (विजयनगर जिला) के कम से कम 20 परिसरों के अलावा हरियाणा के गुरुग्राम में भी कुछ परिसरों पर छापेमारी की गई। यह जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा जांच करने के निर्देश देने के बाद की गई है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने फिर यूएन को दिखाया आईना, कहा

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत, अभी 1945 में ही फंसा, यूएन विकासशील देशों की आवाज

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को प्रभावी बनाने के लिए, इसे सुधारना होगा, इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी और आज की दुनिया का प्रतिनिधि बनना होगा*



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के सम्मेलन (यूएनटीसीसी) में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग करते हुए कहा कि आज का संयुक्त राष्ट्र भी 1945 के समय को दर्शाता है। यूएन को विकासशील देशों की आवाज बुलंद करनी चाहिए और इस पर ही यूएन की विश्वसनीयता टिकी है। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं अभी-अभी न्यूयॉर्क से 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेकर लौटा हूं। उस अनुभव से कुछ महत्वपूर्ण बातें मैं आपके साथ साझा करना चाहता हूं। संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है, 2025 की नहीं। 80 वर्ष एक लंबा समय है और इस समय के दौरान, संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की संख्या वास्तव में चौगुनी हो गई है।

संयुक्त राष्ट्र के अप्रासंगिक होने का खतरा

शांति मिशन यूएन का सबसे अहम निकाय

**शांति सैनिक बहुपक्षवाद के पथप्रदर्शक**

डॉ. जयशंकर ने कहा कि शांति सैनिक एक शक्तिशाली बल रहे हैं। मानवीय मदद पहुंचाने के लिए ये बहादुर बेटे बेटियां अपनी जान जोखिम डालते हैं। ये बहुपक्षवाद के सच्चे पथप्रदर्शक हैं। आज मैं उन 4000 से ज्यादा शांति सैनिकों को याद करना चाहता हूं, जिन्होंने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन देशों में शांति सेना भेजी जाती है और जिन देशों के सैनिक इस शांति सेना में होते हैं, उनसे भी शांति अभियानों को लेकर परामर्श किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने शांति मिशनों को संयुक्त राष्ट्र का सबसे अहम निकाय बताया।

#### जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति

*मिशन के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता हमारे इस विश्वास से उपजी है कि कहीं भी शांति, हर जगह शांति को मजबूत करती है। भारत शांति स्थापना को अपने सभ्यतागत लोकाचार से देखता है। हम विश्व को एक परिवार के रूप में देखते हैं, यह केवल सांस्कृतिक ज्ञान नहीं है, बल्कि एक दृष्टिकोण है जो हमारे वैश्विक दृष्टिकोण का आधार है। यही कारण है कि हम बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में अपना विश्वास रखते हैं।*

#### सुरक्षा परिषद में विस्तार हो

*जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश भी बदलाव चाहते हैं और सुरक्षा परिषद में भी विस्तार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं बदलाव करने में विफल रहती हैं, उनके अप्रासंगिक होने का खतरा होता हैं। संयुक्त राष्ट्र को प्रभावी बनाने के लिए, इसे सुधारना होगा, इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी और आज की दुनिया का प्रतिनिधि बनना होगा। संयुक्त राष्ट्र को विकासशील देशों की आवाज को बुलंद करना होगा और उभरते वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को भी प्रतिबिंबित करना होगा। इस पर संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता टिकी है।*

#### तीन लाख से अधिक भारतीय सैनिकों ने योगदान दिया

विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन की स्थापना के बाद से, भारत ने कुल मिलाकर तीन लाख से ज्यादा सैनिकों का योगदान दिया है, जिससे हम दुनिया में सबसे ज्यादा सैनिक भेजने वाला देश बन गए हैं। हमारे शांति सैनिकों ने दुनिया के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में विशिष्टता और पेशेवरता के साथ सेवा की है और कर रहे हैं। इनमें दक्षिण सूडान, लेबनान, सीरिया और डीआरसी जैसे देश शामिल हैं।

### सिम्बायोसिस, पुणे में बोले रक्षा मंत्री

## आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रमाण है ऑपरेशन सिंदूर



**एजेंसी ▶▶ पुणे**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का जीता-जागता प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारी सेनाओं ने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा क्षेत्र में आजादी के बाद से जो स्थितियां थीं, उनको हमने तोड़ा। हमने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने सैनिकों के लिए हथियार खुद अपने देश में बनाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने भारत में बने उपकरणों का इस्तेमाल बड़ी मात्रा में किया है। राजनाथ सिंह गुरुवार को सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब हम सबका लक्ष्य है कि 2029 तक हम इस घरेलू रक्षा निर्माण को 3 लाख करोड़ रुपए तक ले जाएं और करीब 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात भी करें।

#### कौशल के साथ संवेदनशीलता जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी कौशल तभी सार्थक है, जब वो समाज के काम आए। अगर आपका कौशल सिर्फ अपने तक सीमित है, तो वह अधूरा है। कौशल के साथ ही संवेदनशीलता भी जरूरी है। जब देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो ऐसे संस्थान और ऐसे कोर्स, हमारे लिए बहुत जरूरी हो जाते हैं। हमें आज ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो सिर्फ पढ़े-लिखे न हों, बल्कि स्वदेशी तकनीक को समझें, उसे बनाएं और आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि एक स्किल मांइड कभी रुकता नहीं, वो हर परिस्थिति में रास्ता खोज लेता है। आपका हर कदम किसी क्रिएशन की दिशा में उठेगा और अपने कौशल, अपने परिश्रम और अपने संकल्प से, आप इतिहास बनाएंगे। यह समय की जरूरत है कि आप इस महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ें।

#### युवा देश की असली ताकत

रक्षा मंत्री ने कहा कि युवाओं का ज्ञान, उनकी समझ और उनका हुनर यही हमारे देश की असली ताकत है। आने वाले समय में हमारे युवा ही भारत की दिशा तय करेंगे। कोशिश कीजिए कि आप जहां भी जाएं, वहां कुछ अच्छा छोड़कर आएं, किसी के चेहरे पर मुस्कान लाएं, किसी की मदद करें, या फिर किसी को नई उम्मीद दें।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया में बनी सहमति

## क्लीन एनर्जी सेक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाएंगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन एनर्जी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही दोनों देश एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी साझा करने को भी बढ़ावा देंगे। केंद्रीय मंत्री जोशी ने ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री जोशी ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन के साथ एक शानदार मीटिंग हुई। उन्होंने प्रतिभाशाली लोगों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और हमारी चर्चा क्लीन एनर्जी में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही।उन्होंने आगे बताया कि बोवेन ने सुझाव दिया कि भारत को ऊर्जा परिवर्तन में ऑस्ट्रेलिया को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानना चाहिए। जोशी ने कहा कि हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने एक-दूसरे देश की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी शेयरिंग को प्रोत्साहित करने का फैसला लिया है।

### जी-20: भारत ने पूरी पृथ्वी के लिए मिलकर काम करने की अपील की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित जी-20 पर्यावरण मंत्रियों की बैठक में 'एकजुटता, समानता और स्थिरता' विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए दक्षिण अफ्रीकी गणराज्य का आभार जताया।

उन्होंने एक ऐसे विश्व के निर्माण के मार्ग पर चलने का आह्वान किया जो उद्देश्य में एकजुट हो, अधिकारों और संसाधनों में समान हो और पूरी पृथ्वी के लिए मिलकर काम करने में विश्वास करते हों। उन्होंने कहा कि पेरिस समझौते के 10 वर्ष पूरे होने पर सभी देश अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) निर्धारित करने, उनके लिए काम करने के लिए एक साथ आए और कई मामलों में भारत की तरह निर्धारित समय-सीमा से पहले ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना शुरू कर दिया हो। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा समाधान का एक हिस्सा है। उन्होंने आग्रह किया कि जी-20 को महत्वाकांक्षा और कार्यान्वयन के बीच एक सेतु का काम करना चाहिए।

## दिवाली की रौनक से गुलजार बाजार



**नई दिल्ली।** पूरे देश में 20 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इससे पहले देश के कई शहरों में दिवाली के लिए खरीदारी जोरो-शोरों से चल रही है। दिल्ली के सदर बाजार में दिवाली से पहले खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़। पीएम नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल', 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को बढ़ावा देने के लिए सभी भारतीयों से भारत में बनी वस्तुओं की खरीदारी करने का आग्रह कर देश के स्थानीय कलाकारों, व्यापारियों को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया है।

### श्रीलंका पीएम ने की विदेश मंत्री जयशंकर से भेंट

## भारत की डिजिटल गवर्नेंस को सराहा दूसरे देशों के लिए बताया उदाहरण

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात भी की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात की। इस दौरान पीएम अमरसूर्या ने भारत की डिजिटल गवर्नेंस में प्रगति की भी तारीफ की। उन्होंने इसे दूसरे देशों के लिए उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे डिजिटलाइजेशन सरकारों की अधिक जवाबदेही और पारदर्शी बना सकता है। उन्होंने बताया कि श्रीलंका भारत के मॉडल पर ध्यान दे रहा है और देख रहा है कि कैसे इसी तरह की पहल वहां लागू की जा सकती है। श्रीलंकाई पीएम गुरुवार सुबह तीन दिन के दौरे पर दिल्ली आई हैं। पीएम बनने के बाद उनका यह पहला भारत दौरा है। वहीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा घर, दफ्तर और देशों के बीच पुल बनाएं, दीवारें नहीं। पीएम हरिनी ने हिंदू कॉलेज के छात्रों और टीचर्स के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचाई। बता दें, पीएम हरिनी अमरसूर्या दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज की स्टूडेंट रही हैं। उन्होंने यहां 1991 से 1994 तक पढ़ाई की है। कॉलेज की प्रिंसिपल अंजू श्रीवास्तव ने श्रीलंका की पीएम का स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए फैकल्टी सदस्य, छात्र और पुराने छात्र सभी मौजूद थे। दूसरी तरफ तमिलनाडु के सीएम  एम.के. स्टालिन ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर, श्रीलंका से कच्चाथीवू द्वीप वापस लेने और मछुआरों की समस्याओं को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। स्टालिन ने पत्र में कहा कि कच्चाथीवू द्वीप ऐतिहासिक रूप से भारत का हिस्सा था, लेकिन 1974 में बिना राज्य सरकार की अनुमति और प्रक्रिया के इसे श्रीलंका को सौंप दिया गया। इसके बाद से तमिलनाडु के मछुआरों को मछली पकड़ने में लगातार मुश्किलें और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

## आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी भुगतना पड़ेगा: कीर्ति वर्धन सिंह

**एजेंसी ▶▶ कंपाला**



युगांडा की राजधानी कंपाला में हो रही 19वीं एनएएम मध्यावधि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत ने आतंकवाद पर सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि आतंकवाद को किसी भी तरह का समर्थन, बचाव या छिपाने की कोशिश अंत में उन्हीं देशों को भारी पड़ेगी जो ऐसा करते हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बैठक में भारत की ओर से बोलते हुए कहा कि आतंकवाद एक साझा खतरा है, जिससे निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि लगभग हर एनएएम सदस्य देश आतंकवाद की चुनौती को समझता है, लेकिन कुछ देशों का रवैया चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के अलावा जलवायु परिवर्तन, कर्ज का बोझ, आपूर्ति श्रृंखलाओं की नाजुकता और तकनीकी खाई जैसे मुद्दों ने दुनिया को अस्थिर बना दिया है। उन्होंने मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को 1945 की सोच में जकड़ा बताया और कहा कि इसे नए दौर के हिसाब से बदलना होगा।

### केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत की विकास रणनीति का दिया मंत्र, कहा

## मजबूत अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा और जनकल्याण ही तीन विशेष स्तंभ

भारत-ब्राजील की मित्रता दीर्घकालिक समृद्धि लाएगी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भारत-ब्राजील व्यापार संवाद को संबोधित करते हुए भारत की विकास यात्रा के तीन प्रमुख स्तंभ बताए। पहला स्तंभ- मजबूत सूक्ष्म अर्थव्यवस्था की बुनियाद, जिसमें कम मुद्रास्फीति, स्थिर वृद्धि, सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली और 700 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार शामिल हैं।

दूसरा स्तंभ- आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विस्तार, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, लॉजिस्टिक लागत घटती है और उद्यमिता व रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। तीसरा स्तंभ- नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार। इसके तहत सरकार ने मध्यवर्ग पर आयकर का बोझ घटाया, जीएसटी प्रणाली को सरल बनाया और व्यापार सुगमता के लिए सुधार लागू किए।



#### भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जल्द बनेगा

*मंत्री गोयल ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और वर्ष 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है। देश का सकल घरेलू उत्पाद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।*

#### रिश्ते फुटबॉल की तरह जुनूनी हों

पीयूष गोयल ने पीएम नरेंद्र मोदी के हवाले से कहा कि भारत-ब्राजील के रिश्ते उतने ही रंगीन हों जितना कोई कार्निवाल और उतने ही जुनूनी हों जितना कि फुटबॉल। उन्होंने बताया कि ब्राजील ने योग और आयुर्वेद को अपने हेल्थ इकोसिस्टम में शामिल किया है, जो पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करेगा। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला द सिल्वा का उद्धरण देते हुए कहा कि पेड़ लगाए बगैर कोई भी फल नहीं पा सकता। भारत ने दीर्घकालिक विकास और साझेदारी के बीज बो दिए हैं और विश्वास जताया कि भारत-ब्राजील की मित्रता दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक समृद्धि लाएगी।

#### वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान दे रहे

*कार्यक्रम में ब्राजील के उपराष्ट्रपति जेराल्डो आल्कमिन और रक्षा मंत्री जोसे मूसियो मोंटेइरो फिल्हो की उपस्थिति के लिए पीयूष गोयल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत और ब्राजील के बीच गहरे होते संबंधों का प्रतीक है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील दोनों ही दुनिया के प्रमुख कृषि उत्पादक देश हैं और वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देते हैं। यह संवाद कृषि व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए सहयोग के रास्ते खोलेगा।*


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

### चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा

# कांग्रेस और राजद को विकास नहीं बुर्का चाहिए ताकि वे अपनी पहचान छिपा सकें

एजेंसी ▶▶ सहरसा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मां जानकी, गौतम बुद्ध, महावीर, विद्यापति, राजेन्द्र प्रसाद और जेपी की गौरवशाली धरती को कांग्रेस और आरजेडी ने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था, वह आज एनडीए के डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. आलोक रंजन के नामांकन पश्चात पटेल मैदान में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में बिहार आगे बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस आरजेडी को विकास नहीं बुर्का चाहिए, ताकि पहचान छिपाकर लोगों का मतहरण कर सकें।

**बिहार में खूब दहाड़े, यूपी के सीएम ने विरोधियों को जमकर धोया**



**आरजेडी ने बिहार के हित की नहीं अपने परिवार के हित की चिंता की**

### अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना

*योगी ने कहा कि दस वर्ष पूर्व जब हमलोग बिहार आते थे तो लोग पूछते थे कि अयोध्या में मंदिर बनेगा कि नहीं हमलोग कहते थे कि बनेगा। आरजेडी और कांग्रेस के लोग कहते थे कि कभी नहीं बनेगा। आज अयोध्या में न सिर्फ भगवान राम का भव्य मंदिर बना, बल्कि राम दरबार भी सज गया है।*

### एनडीए चाहता है सबका विकास

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरजेडी ने बिहार के हित की नहीं अपने परिवार के हित की चिंता की। लालू प्रसाद यादव के लिए राबड़ी देवी का परिवार ही उनका परिवार है, परंतु मोदी जी कहते हैं कि देश का 140 करोड़ लोग उनका परिवार है। एनडीए सबका विकास चाहता है। उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश की साझी विरासत की चर्चा करते हुए इसे और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुझे चुनावी सभा के बहाने ही मां जानकी की धरा पर आने का अवसर मिला। उत्तर प्रदेश व बिहार केवल राम और मां जानकी के मिलन की भूमि नहीं हे, बल्कि यह हम सबकी साझी विरासत व साझी संस्कृति का प्रतीक है। इस विरासत को और बढ़ाने की जरूरत है।

### पहले माफिया गरीब की कल्याणकारी योजनाओं की लूट करता था

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज बिहार हाइवे, मेट्रो, रेलवे, एयरपोर्ट समेत सभी क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। बिहार को मिली इस पहचान को फिर से धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, जो अब नहीं चलेगा। पहले हर जिला में माफिया पैदा किया गया था। पर्व त्योहार के मौके पर लोगों को दंगा का भय बना रहता था। डबल इंजन की सरकार ने बिहार में अराजकता, गुंडागर्दी, दंगा को सदा के लिए समाप्त कर दिया। उन्होंने डबल इंजन सरकार को डबल स्पीड से से कार्य करने के लिए फिर अपार बहुमत देने की जनता से अपील किया।

## पेज एक का शेष....

### दुर्लभ खनिजों को ...

है। जहां तक अंतरराष्ट्रीय कायदों, प्रक्रियाओं के तहत यह अनिवार्य होगा, इसे प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक दुर्लभ खनिजों का मामला है तो मैं आपका ध्यान चीन के बंदरगाह शहर तियानजिन में बीते वक्त में हुई भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की द्विपक्षीय बैठक की ओर दिलाना चाहता हूं। जिसमें ये साफ किया गया था कि दोनों देश अपने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाते हुए व्यापार घाटे को कम करने के लिए सामरिक और राजनीतिक मार्गदर्शन के जरिए ही आगे बढ़ेंगे। ज्ञात हो कि चीन ने अमेरिका द्वारा उस पर लगाए गए 100 फीसदी से अधिक टैरिफ के जवाब में 1 नवंबर से दुर्लभ खनिजों के निर्यात नियमों में सख्ती लागू कर दी है। जिसका प्रभाव दुनियाभर के देशों समेत भारत पर भी पड़ेगा। इस संबंध में ही चीन ने भारत से लिखित गारंटी भी मांगी थी। जिसका आधार ये रखा गया था कि नई दिल्ली चीन से लिया गया कोई उत्पाद या तत्व आगे अमेरिका को नहीं भेजेगा।

### श्रीलंकाई पीएम के....

दिल्ली में कई उच्च-स्तरीय बैठकों में शिरकत करेंगी। जिनमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। शुक्रवार को एनडीटीवी सम्मेलन में भी उनकी भागीदारी देखने को मिलेगी।

### अंतिम उपभोगकर्ता ....

पड़ें। साथ ही यह निर्यातकों को नियमों का पालन करने में भी मदद करता है। चीन द्वारा डब्ल्यूटीओ में भारत के संबंध में उठाए गए कदमों को लेकर रणधीर ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने कहा, ये मामला व्यापार से जुड़ा हुआ है, जिसका संबंध केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से है और उसे लेकर अभी फिलहाल कोई अपडेट नहीं है।

### यूक्रेन के संपर्क....

दोनों देशों में इसे लेकर काफी सकारात्मकता और उत्सुकता है। पीएम की आसियान शिखर सम्मेलन को लेकर की जाने वाली यात्रा के बारे में मंत्रालय द्वारा सही समय पर सूचित किया जाएगा। ब्राजील के विदेश मंत्री भारत के दौरे पर हैं। यहां उनकी कई बैठकें भी हुई हैं। भारत, ब्राजील से तेल खरीदता है। लेकिन उसकी मात्रा के बारे में मंत्रालय के पास पुख्ता जानकारी नहीं है। अगले साल 2026 में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा।

### ब्रिटेन के प्रतिबंधों ....

गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत तेल और गैस का एक बड़ा आयातक देश है। जिसे देखते हुए अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य यानी बाजार के बीच भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी आयात नीति पूरी तरह से इसी उद्देश्य और सिद्धांत से जुड़ी हुई है। गौरतलब है कि ट्रंप की ये टिप्पणी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की इस साल दिसंबर में होने वाली भारत यात्रा से ठीक पहले दी गई है। अमेरिका ने भारत की रूस से चल रही तेल खरीद पर नाराजगी जताते हुए कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें दंडात्मक टैरिफ का 25 फीसदी भाग भी शामिल है। भारत बहुत पहले ही अमेरिकी टैरिफ को पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताते हुए सिरे से खारिज कर चुका है।

**एकतरफा पाबंदियां स्वीकार नहीं:** ब्रिटेन द्वारा दुनिया की कई तेल कंपनियों (रूस, चीन और भारत) पर लगाई गई ताजा पाबंदियों पर जायसवाल ने कहा, हमें ब्रिटेन की तरफ से लगाई गई ताजा पाबंदियों के बारे में जानकारी है। भारत किसी भी तरह की एकतरफा पाबंदियों को कतई स्वीकार नहीं करता है। हमारी सरकार का मानना है कि ऊर्जा सुरक्षा का प्रावधान हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का मामला है। जिसमें आम-नागरिकों की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति शामिल है। भारतीय कंपनियां पूरी दुनिया से ऊर्जा संबंधी सप्लाई में शामिल हैं। जिसमें बाजार की स्थिति को ध्यान में रखा जाता है। साथ ही हम इस बात पर भी जोर देना चाहते हैं कि ऊर्जा व्यापार को लेकर कोई दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जाने चाहिए। बताते चलें कि ब्रिटेन ने रूस के तेल व्यापार को सीमित करने के लिए कई कंपनियों, संस्थानों पर नए प्रतिबंध लागू किए हैं। जिसमें भारत की निजी तेल रिफाइनरी नायरा एनर्जी लिमिटेड भी शामिल है।

### फोन पर नहीं ...

ने राष्ट्रपति ट्रंप को गाजा शांति योजना की सफलता को लेकर बधाई दी थी। साथ ही दोनों नेताओं ने व्यापार चर्चाओं की समीक्षा के साथ ही भविष्य में भी संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई थी। मंत्रालय ने इस वार्ता पर एक बयान जारी किया था।

### अमेरिका से ऊर्जा ....

है। उन्होंने कहा, जहां तक अमेरिका का सवाल है तो हम कई सालों से हम अपनी ऊर्जा खरीद को बढ़ाना चाहते हैं। बीते दशक में इसमें काफी प्रगति भी हुई है। वर्तमान अमेरिकी प्रशासन भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने का इच्छुक है। मामले पर दोनों देशों के बीच चर्चाएं जारी हैं।

### आधिकारिक बयानों पर ....

विदेश मंत्रालयों के आधिकारिक बयान पर ही भरोसा करता है न कि किसी और के दावे पर। यह बयान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और हमारा देश इन्हीं के तहत अपने तमाम कदम उठाता है। नई दिल्ली में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा, रूसी कच्चा तेल ही वैश्विक बाजार में कीमतों के हिसाब से सबसे सस्ते और प्रभावी विकल्प के रूप में मौजूद है। रूस के भारत के साथ ऊर्जा संबंध उनके राष्ट्रीय हितों के तहत बिलकुल दुरुस्त हैं।

### यह है ट्रंप....

वित्तीय मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा, वो (मोदी) मेरे दोस्त हैं और हम दोनों के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है। लेकिन अमेरिका भारत की रूस से जारी तेल खरीद को लेकर खुश नहीं है। जिससे रूस लगातार अपने युद्ध को बढ़ावा दे रहा है। बड़ी संख्या में लोग इस युद्ध के बीच मारे जा चुके हैं।

### कुरनूल-3 पूलिंग....

क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिनका कुल निवेश 4,920 करोड़ से अधिक है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट और आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ये आधुनिक बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना और वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त हैं।

'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक जनसभा को भी संबोधित किया: इसके बाद, प्रधानमंत्री कुरनूल पहुंचे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री 'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक एक जनसभा को भी संबोधित किया, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा। इससे पहले, कुरनूल हवाई अड्डे पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य ने उनका स्वागत किया।

### 21,000 करोड़ ...

चार लेन के निर्माण, कडप्पा-नेल्लोर सीमा से सीएस पुरम तक चौड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर गुडीवाड़ा और नुजेला रेलवे स्टेशनों के बीच 4 लेन वाले रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया।

### गुजरात में मुख्यमंत्री ....

मिल रही थी। जनता के बीच असंतोष भी अंदरखाते दिखने लगा था। दो साल बाद चुनाव है और ऐसे में सरकार के मंत्रियों से इस्तीफा लेने का फैसला प्रधानमंत्री की सहमति के बाद लिया गया। चर्चा है कि निवर्तमान मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड से पार्टी आलाकमान नाखुश था। राज्य में दो साल बाद होने वाले चुनाव से पहले मंत्रिमंडल को बदलने के पीछे सबसे बड़ी वजह जनता में ये संदेश देना है कि मंत्री अगर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं तो दूसरे विधायकों को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा गुजरात में क्षेत्र और वर्गों के प्रतिनिधित्व को भी मंत्रीमंडल में दुरस्त करने के लिए यह कदम उठाया गया है। नए मंत्री आज शुक्रवार को शपथ ग्रहण करेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों ने गुरुवार को संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले इस्तीफा दे दिया। गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल सहित 17 मंत्री शामिल थे। आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री थे, जबकि इतने ही राज्य मंत्री थे। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत हो सकता है। राजनैतिक गलियारों के भीतर कयास लगाये जा रहे हैं कि आगामी कैबिनेट विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिलने की उम्मीद है। लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। कयास लगाये जा रहे हैं कि सौराष्ट्र से जयेश रादडिया और जीतू वाघानी को मंत्रिमंडल में जगह मिलना तय है। खासकर पाटीदारों और उत्तर गुजरात से ठाकोर समुदाय को तवज्जो दी जाएगी।नए चेहरों में कांग्रेस से आए अर्जुन मोढवाड़िया, अल्पेश ठाकोर, सीजे चावड़ा और हार्दिक पटेल को मौका मिल सकता है। इसके अलावा, जिन राज्य मंत्रियों को हटाए जाने की संभावना है, उनमें मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी, पंचायत मंत्री बच्चूभाई खाबर, वन एवं पर्यावरण मंत्री मुकेश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री भीखूसिंह परमार और आदिवासी विकास मंत्री कुंवरजी हलपति शामिल हैं। जबकि कनुभाई देसाई, राघवजी पटेल, कुंवरजी बावलिया और मुलुभाई बेरा जैसे अन्य मंत्रियों को हटाया जा सकता है। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। गुजरात में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बड़े नेताओं के बीच बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव सुनील बंसल गांधीनगर पहुंच गए। गांधीनगर में प्रदेश महासचिव रत्नाकर और राष्ट्रीय संगठन महासचिव के बीच बैठक हुई। नए मंत्रिमंडल के विस्तार से पहले मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मुंबई से गांधीनगर लौट आए हैं। आज शुक्रवार सुबह 11:30 बजे राज्यपाल आचार्य देवव्रत महात्मा मंदिर में सभी मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री पटेल ने बृहस्पतिवार देर शाम एक जरूरी मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में संभावित मंत्रियों को भी बुलाया गया है। ऐसा कहा जा रहा है। इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए जा सकते हैं। गुजरात कैबिनेट में सीएम समेत 17 मंत्री थे, जिसमें 8 कैबिनेट और 8 राज्य मंत्री थे। अब यह संख्या बढ़कर 22-23 हो सकती है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

### आगामी तीन दिनों....

काबिज तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता देने का मामला है तो देश की यात्रा पर आए उनके विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से हमने विस्तार से बातचीत की है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में अफगानिस्तान के दूतावास में तालिबान के अधिकारियों की उपस्थिति के मामले पर भी चर्चा जारी है। किसी भी नतीजे पर पहुंचने पर सूचित किया जाएगा। मालूम हो कि वर्ष 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेनाओं की वापसी के साथ काबुल की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद भारत ने अपना दूतावास बंद कर दिया था। बीते 9 से 16 अक्टूबर तक अफगानिस्तान-तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर थे। जिसमें उन्होंने भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ हुई बातचीत में पाकिस्तान को साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा था कि उसे अफगानों के धैर्य-संयम की परीक्षा लेने की जरूरत नहीं है। किस्से तो ब्रिटिश, यूएसएसआर और अमेरिका-नाटो भी सुना देंगे। साथ ही उन्होंने भारत को आश्वासन देते हुए कहा था कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी समूह या व्यक्ति को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

**दूसरों को दोष देना पाक की पुरानी आदत:** उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा, पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा 'डुरंड लाइन' पर बने हुए मौजूदा हालात पर हम कड़ी नजर बनाए हुए हैं। इलाके में पाकिस्तान के हमले में आम-अफगानी लोगों का मारा जाना निंदनीय है। इस संबंध में भारत तीन बातें स्पष्ट करना चाहता है, पहला-पाकिस्तान आतंकी संगठनों को पनाह देने के साथ ही आतंकी गतिविधियों को प्रायोजित करता है। दूसरा-अपनी आंतरिक विफलताओं के लिए अपने पड़ोसियों को दोष देना पाक की पुरानी आदत है। जिससे वो अपनी अंदरूनी नाकामियों को छिपाना चाहता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान द्वारा अपने क्षेत्रों पर प्रभुता का प्रयोग करने से क्रोधित है। तीसरा-भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**वैश्विक समुदाय से करेंगे चर्चा:** रणधीर ने कहा, पाकिस्तान ने कैसे सालों तक आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उससे हम सभी वाकिफ हैं? सभी देशों को मिलकर आतंकवाद को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान पर और अधिक दबाव बनाना चाहिए। भारत, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बातचीत में मामले को लेकर जोर देता है।

### पीएम मोदी गोवा ...

बड़ा हमला बोला था। लेकिन भारत ने ऐसी जवाबी हवाई कार्रवाई की कि दुश्मन के होश उड़ गए और उसने 10 मई की शाम पांच बजे से भारत के साथ संघर्षविराम करने की गुहार लगाई। जिसे भारत ने स्वीकार किया।

लेकिन इन सबके बीच आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति जस की तस कायम है। भविष्य में अगर पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी करने की कोशिश की तो उसे तुरंत उसका करारा जवाब दिया जाएगा।

### 2014 से यूं ....

जाने वाले सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सेना के जवानों के साथ दीवाली मनाई थी। इसके अगले साल वो पंजाब के अमृतसर में मौजूद 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से जुड़े हुए डोगरा युद्ध स्मारक पर गए थे। 2016 में प्रधानमंत्री हिमाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर तैनात बीएसएफ और सेना के जवानों के साथ दीवाली का त्योहार मनाया था। 2017 में जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर, 2018 में उत्तराखंड के हर्षिल, 2019 में राजौरी, 2020 में लौंगेवाला, 2021 में नौशेरा, 2022 में कारगिल और उसके बाद पीएम की अंतिम दो दीवाली हिमाचल के लेप्चा और गुजरात सरक्रीक में सैन्य कर्मियों के बीच मनाई गई थी।

### अमित शाह ने भी...

के सभी आयामों को सुनिश्चित करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए विदेशों में बैठे भगोड़ों को भी भारतीय कानून के दायरे में लाने का दृढ़ संकल्प होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने उनके सुझावों पर अमल करते हुए भगोड़ों के प्रत्यर्पण संबंधी सक्रिय पहलें शुरू कर दी हैं और संस्था इसमें सराहनीय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि जनवरी से सितंबर तक सीबीआई ने 189 से अधिक रेड कॉर्नर नोटिसेज जारी किए जो संस्था के इतिहास में सर्वाधिक संख्या है और ऑपरेशन त्रिशूल के तहत भी सकारात्मक परिणाम आए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 2018 में लाया गया भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम सरकार को भगोड़ों की भारत में मौजूद संपत्तियाँ जब्त करने का अधिकार देता है और पिछले चार वर्षों में लगभग 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी की गई है। मनी-लॉडरिंग से जुड़ी संपत्तियाँ 2014–2023 के बीच लगभग 12 बिलियन डॉलर तक अटैच की गई हैं।

**आज जारी रहेगा सम्मेलन:** सम्मेलन आज भी जारी रहेगा, जिसमें विशेषज्ञ सत्रों और राज्यों तथा केंद्रीय एजेंसियों के बीच विस्तृत चर्चा से प्रत्यर्पण के व्यवहारिक रोडमैप पर अंतिम रूप दिया जाएगा।

### भगोड़ों के मन...

न्याय पहुँचाना, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय न्यायिक विश्वसनीयता बढ़ाना, आर्थिक प्रणाली की रक्षा और वैश्विक स्तर पर रूल ऑफ़ लॉ को मान्यता दिलाना है। इसके लिए उन्होंने सीमलेस कम्युनिकेशन, स्ट्रेटेजिक अप्रोच और ऑर्गनाइज्ड एक्जीक्यूशन पर जोर दिया। सम्मेलन के एजेंडा और सत्रों पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यशाला सात सत्रों में साइबर तकनीक, वित्तीय अपराध, मनी-ट्रैफिक का पता लगाना, प्रत्यर्पण की जटिल प्रक्रियाओं का सरलीकरण, भगोड़ों की लोकेशन का डेटाबेस तैयार करना और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अंतर्राष्ट्रीय समन्वय के लिए एक विशेष ग्लोबल ऑपरेशनल सेंटर स्थापित किया है जो दुनियाभर की पुलिस के साथ रियल-टाइम समन्वय कर रहा है।

### एक्सपर्ट स्पेशल सेल ....

इसके साथ ही उन्होंने आईबी व सीबीआई के माध्यम से मल्टी एजेंसी सेंटर के अंतर्गत फोकस ग्रुप के गठन पर जोर दिया जो नार्को, आतंकवाद, गैंगस्टर व वित्तीय तथा साइबर अपराधों के समन्वय का कार्य करे। एक अहम प्रस्ताव के रूप में अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों और भारत नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) में अनुपस्थिति में मुकदमा का प्रावधान रखा गया है, जिसका अधिकतम उपयोग कर भगोड़ों के विरुद्ध समयबद्ध न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति भगोड़ा घोषित होता है तो उसकी अनुपस्थिति में भी अदालत उसकी ओर से वकील नियुक्त कर ट्रायल चला सकती है। जिससे उस व्यक्ति का अंतरराष्ट्रीय कानूनी दर्जा बदल जाएगा और उसे न्याय के सामने लाना आसान होगा।

### बनेगा विशेष कारागृह ....

उन्होंने सुझाव दिया कि भगोड़ों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों अनुरूप विशेष कारागृह बनाने और प्रत्येक राज्य में प्रत्यर्पण मामलों के लिए विशेषज्ञ सेल बनाने की व्यवस्था जल्दी लागू की जाए।

## फाइनेंसर के खिलाफ केस, पुलिस जांच में जुटी

**अंबाला।** फाइनेंसर से तंग आकर बीसी बाजार के राजिंदर यादव ने एसपी को शिकायत दी। पुलिस ने संजीव गर्ग नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। राजिंदर यादव ने बताया कि वह बब्याल रोड पर चाय की दुकान चलाता है। उसने वर्ष 2022 में 24 हजार रुपये रोजाना ब्याज के हिसाब से लिए थे जोकि वह दे चुका है। बावजूद इसके आरोपी ने उसका और लक्की का चेक कोर्ट में लगा दिया और 50 हजार रुपये वसूल कर लिए। उन्होंने बताया कि वह सूदखोर से परेशान हो गया है।

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

**सार्वजनिक सूचना**

**मरीज़ों के मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु**

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली**

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली की ओर से सूचित किया जाता है कि जनवरी, 2017 से दिसंबर, 2020 की अवधि से संबंधित अपने हॉस्पिटल में आईपीडी और ओपीडी प्रक्रियाओं के सहमति फॉर्म / या अपने मरीजों के परीक्षण से संबंधित चिकित्सा रिकॉर्ड नष्ट कर देगा। कोई भी मरीज जो उपरोक्त अवधि से संबंधित अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि प्राप्त करना चाहता है, वह नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपर्क व्यक्ति से लिखित रूप में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच (सोमवार से शनिवार) अनुरोध कर सकता है। इस तरह के सभी अनुरोध आवेदन इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 3 (तीन) महीने के भीतर नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संबंधित व्यक्ति तक पहुंच जाने चाहिए। मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अनुरोध निर्धारित प्रारूप में रोगी के फोटो पहचान प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रति के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मरीज़ अपनी ओर से मेडिकल रिकॉर्ड के लिए आवेदन करने और/या उसे प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भी अधिकृत कर सकता है। इसके लिए उसे एक वैध प्राधिकरण पत्र / पावर ऑफ अटॉर्नी, मरीज़ और अधिकृत व्यक्ति की फोटो पहचान और हस्ताक्षर प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रति भी साथ लानी होगी। मृत मरीज़ों के मामले में, मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज अटेंडेंट इसके लिए आवेदन कर सकता है / किसी को आवेदन करने के लिए अधिकृत कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि ऐसे रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए मानक शुल्क लागू होंगे।

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत (वैस्ट ब्लॉक)**
1, प्रेस इन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली - 110 017,
फोन: +91-11-6611 5050
संपर्क: श्री चम नारायण
ईमेल: cham.narain@maxhealthcare.com
7838 797 414 | कार्यालय: 011 - 4063 2700

हरियाणा सरकार

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं**

Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

**आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी**

**दिनांक : 4 से 8 नवम्बर, 2025**



| स. न. | नीलामी की तिथि | साइटों का ब्योरा | ज़ोन |
|---|---|---|---|
| 01 | 4 नवम्बर, 2025 (मंगलवार) | प्रमुख स्थल (व्यावसायिक संपत्तियां, होटल संपत्तियां, अस्पताल और संस्थागत स्थल) और बहुमंजिला अपार्टमेंट | सभी ज़ोन |
| 02 | 6 नवम्बर, 2025 (गुरुवार) | आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां (प्रेफेरेंटिअल) / नर्सिंग होम, क्लिनिक संपत्तियां और स्कूल संपत्तियां | सभी ज़ोन |
| 03 | 7 नवम्बर, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां | फरीदाबाद और पंचकूला ज़ोन |
| 04 | 8 नवम्बर, 2025 (शनिवार) | आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां | गुरुग्राम, रोहतक और हिसार ज़ोन |

ई-नीलामी वर्ष 2025-26 की आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध। *नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसायटी/समिति भाग ले सकते हैं।

* ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX : 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर : 1800-180-3030

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं

किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें eauctioncell.hsvp@gmail.com

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा

Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HSVP Complex, Sector 6, Panchkula 134 109, Haryana
hsvphry.org.in. 1800-180-3030 Hsvphry

The detailed information of the sites and terms & conditions of e-auction will be available on **https://hsvphry.org.in.**

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04255032A | एंटी वियर हाइड्रोलिक ऑयल (एच एल पी 68 एन) | 73500 लीटर | 08.11.2025 |
| 2. | 07255037 | सेट ऑफ एस एस आर एम पी यू थ्रो असेंबली | 100 सेट | 10.11.2025 |
| 3. | 19255051 | ट्रैक्शन मोटर ब्लोअर इन्क्लूडिंग | 186 नग | 10.11.2025 |
| 4. | 01255046 | जॉइन्टलेस ग्रूवेद कॉपर कांटेक्ट वायर | 6 मेट्रिक टन | 13.11.2025 |
| 5. | 19255050 | सवंजे ब्लोअर टू टी एम/आयल | 184 नग | 13.11.2025 |
| 6. | 07244007A | व्हील मोनोब्लॉक रोल्ड | 157 नग | 13.11.2025 |
| 7. | 19255046 | मशीन रूम ब्लोअर विथ मोटर | 186 नग | 17.11.2025 |
| 8. | 19255054 | स्मूथिंग रिएक्टर टाइप एस एल – 30 | 6 नग | 17.11.2025 |
| 9. | 09252047 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक पैड (डिजाइन ए) | 26850 नग | 17.11.2025 |
| 10. | 09252045 | साइड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर | 49185 नग | 09.12.2025 |
| 11. | 07251580 | ब्रेक हेड अस्सली (फैब्रिकेटेड) | 6400 नग | 09.12.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं.: 54/2025-2026 दिनांक: 15.10.2025 3193/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | वार्ड नं. 16, एम.सी. झज्जर में दयानंद शॉप से योगेश के मकान और डॉ. प्रवीन से बुधराम के मकान तक आई.पी.बी. टाइल्स को बिछाना और नाला का निर्माण + 10 कार्य। | 13.10.2025 30.10.2025 | रु. 323.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988518326 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39527/I/88/7 दि. 16.10.25

11 साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल

हरियाणा सरकार

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा



**संकल्प से सिद्धि की राह में हरियाणा सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व जनकल्याण हेतु लिए गए 217 संकल्पों में से पूरे किए गए 46 संकल्प। शेष सभी संकल्पों को जल्द पूर्ण करने हेतु कार्य प्रगति पर।**

## मुख्य संकल्प

### महिला

1. हरियाणा की पात्र महिलाओं को **दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना** के तहत **प्रतिमाह 2,100 रुपये** की वित्तीय सहायता।
2. **हर घर-हर गृहिणी योजना** के तहत अंत्योदय तथा बी.पी.एल. परिवारों को केवल **500 रुपये में एल.पी.जी. सिलेंडर** दिया जा रहा है।

### युवा

3. नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही **24,000 युवाओं को** ग्रुप-सी की **सरकारी नौकरियां** दी।
4. ग्रुप-सी के पदों के लिए जुलाई, 2025 में लगभग **13.50 लाख युवाओं ने सी.ई.टी. परीक्षा** दी।
5. शहीद सैनिकों के हर बच्चे को **6वीं से 12वीं कक्षा** तक 60,000 **रुपये**, **स्नातक** तक 72,000 **रुपये** तथा **स्नातकोत्तर** तक 96,000 **रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति** का प्रावधान।
6. **डंकी रूट की समस्या** को जड़ से खत्म करने के लिए कानून लागू।

### किसान

7. **नकली खाद, बीज और कीटनाशक** बनाने व बेचने वालों को **5 साल की सजा** का कानून लागू।
8. सभी **24 फसलों** की न्यूनतम समर्थन मूल्य **(MSP)** पर खरीद।
9. किसानों को **48 घंटे** में डी.बी.टी. के माध्यम से **फसल का भुगतान** किया जा रहा है।

### गरीब

10. सभी जिला **सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों** में किडनी रोगियों के लिए **मुफ्त डायलिसिस** सेवा शुरू।
11. ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में **20 वर्षों से अधिक समय** से काबिज सभी परिवारों को भूमि का **मालिकाना हक** दिया।
12. **आयुष्मान भारत योजना** के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को **5 लाख रुपये तक** के **मुफ्त इलाज** की सुविधा।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana